● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 115, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 02 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





दिल्ली की मंत्री आतिशी ने केन्द्र को लिखा पत्र 5

क्रिकेट की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई : कोहली 6

# एग्जिट पोल में एनडीए 350 पार, इंडिया को 125-161 सीटें

## एग्जिट पोल में मोदी 3.0 पर मुहर, किसी सर्वे में 350 सीट से कम नहीं, लेकिन 400 भी नहीं

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। इसके बाद बाद चुनाव के एग्जिट पोल जनता के सामने आने शुरू हो गए हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक 2024 में फिर एक बाद मोदी सरकार बनने जा रही है। एनडीए भारी बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाने जा रही है।

आपको बता दें कि देश में चुनाव के घोषणा के बाद आचार संहिता लग जाती है। ऐसे में बीच चुनाव में एग्जिट पोल या सर्वे करना कानूनी रूप से गलत होता है। नियम यह कहता है कि आखिरी चरण के मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के आधे घंटे बाद ही एग्जिट पोल दिखाने शुरू कर सकते हैं।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में भाजपा को 4-0 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस का हिमाचल में फिर एक बार खाता भी नहीं खुलेगा।

एग्जिट पोल के अनुसार, भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा को 319 से 338 सीट मिल सकती है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक हिमाचल में भाजपा का वोट शेयर 64 फीसदी हो सकता है। कांग्रेस का वोट शेयर 34 फीसदी हो सकता है।

इंडिया टीवी ने अपने एग्जिट पोल में भाजपा को 401 सीट दी है। यह एक मात्र पोल है, जिसने भाजपा को 400 से अधिक सीट दी है।

एबीपी सी वोटर ने ओड़िशा में भाजपा को 17-19 सीटें मिलती दिख रही हैं। बीजेडी को 3-7 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा 2019 से लगभग दोगुना सीटें जीतती दिख रही है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक पंजाब में भाजपा को 2-4 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 7-9 सीटें मिल सकती हैं।

एग्जिट पोल के अनुसार, बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आरजेडी ने शानदार चुनाव लड़ा है। पिछली बार खाता नहीं खोल पाने वाली आरजेडी को 4-5 सीट मिल सकती है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 69 सीट एनडीए को जाती दिख रही है। वहीं इंडी गठबंधन को 11 सीट मिल सकती है। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक भाजपा को हरियाणा में 6-8 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 2-4 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 2-4 सीटों का नुकसान हो सकता है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक हरियाणा में भाजपा को 48 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है। इंडी गठबंधन को हरियाणा में 44 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक दिल्ली में भाजपा को 6-7 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 0-1 सीटें मिल सकती हैं।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक दिल्ली में भाजपा को 54 फीसदी वोट शेयर मिल सकते हैं। इंडी गठबंधन को 44 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है। जन की बात के पोल में पश्चिम बंगाल में भाजपा को 21 से 26 सीट का अनुमान लगाया गया है। तृणमूल कांग्रेस को 16-18 सीट से संतोष करना पड़ सकता है। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक गोवा में भाजपा को 51 फीसदी वोट शेयर मिल रहा है। इंडी गठबंधन को 43 फीसदी वोट शेयर मिल रहा है। भाजपा को एक सीट व कांग्रेस को एक सीट मिलती दिख रही है। हिमाचल की सभी सीट भाजपा जीत सकती है। यहां लोकसभा की चार सीट है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक भाजपा को गुजरात में 24-25 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को एक सीट का नुकसान हो सकता है। इंडी गठबंधन को 0-1 सीट मिल सकती है। हरियाणा की 10 सीटों में से कांग्रेस को 6-8 सीट मिलती दिख रही है। भाजपा को 2-4 सीट मिल सकती है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक गुजरात में भाजपा को 63 फीसदी वोट शेयर मिलता दिख रहा है। इंडी गठबंधन का वोट शेयर 33 फीसदी हो गया है। पंजाब में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनती दिख रही है। आम आदमी पार्टी को नुकसान हुआ है। कांग्रेस और आप मिलकर लड़ते तो बड़ी जीत हासिल कर सकते थे।

पंजाब की 13 सीट में से आम आदमी पार्टी के खाते में 2-4,




भाजपा को 2-3 और कांग्रेस को 4-6 सीट जाती दिख रही है। शेष सीटों पर शिअद प्रत्याशी जीत सकते हैं। दिल्ली की सभी सात सीटें भाजपा की झोली में भी जा सकती है। दिल्ली में मनोज तिवारी के सामने कन्हैया कुमार हारते नजर आ रहे हैं। भाजपा को राजस्थान में हो सकता है नुकसान, 19-20 सीटें मिल सकती हैं।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक राजस्थान में भाजपा को 19-20 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 5-6 सीटें मिलने का अनुमान है।

गठबंधन के किसे हुआ नुकसान, एग्जिट पोल के अनुसार, दिल्ली में कांग्रेस से गठबंधन करने पर आम आदमी पार्टी को नुकसान हुआ है। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक राजस्थान में भाजपा को 51 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है। कांग्रेस का वोट शेयर 41 फीसदी मिल सकता है।

दिल्ली की 7 सीटों में से भाजपा 6 जीत सकती है। आम आदमी पार्टी का खाता नहीं खुल रहा है। कांग्रेस एक सीट जीत सकती है।

गुजरात की सबसे सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने का अनुमान भी एग्जिट पोल में लगाया गया है। गुजरात की सभी 26 सीट भाजपा की झोली में जाती दिख रही है। कांग्रेस के साथ ही आम आदमी पार्टी का भी खाता नहीं खुल रहा है। एग्जिट पोल के अनुसार, झारखंड की 14 सीट में से एनडीए को 8-10 सीट मिल सकती है। इंडिया के खाते में 4-6 सीट जा सकती है।

### मध्य प्रदेश में भाजपा जीत सकती है 29 सीटें, कांग्रेस का हो जाएगा सफाया

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक भाजपा को मध्य प्रदेश में 28-29 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा कमलनाथ की छिंदवाड़ा सीट भी जीत सकती है। राजस्थान की 25 सीट में से भाजपा को चार सीट का नुकसान होता दिख रहा है। पिछली बार सभी सीट जीती थी। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक मध्य प्रदेश में भाजपा को 61 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है। कांग्रेस को 33 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है।

ओडिशा में भाजपा को पिछली बार से भारी बढ़त मिलती दिख रही है। भाजपा को यहां 15 से 17 सीट मिल सकती है। बीजेडी को 4-6 सीट से संतोष करना पड़ सकता है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 56 फीसदी वोट भाजपा को मिल रहा है। वह 10-11 सीटें जीत रहे हैं। कांग्रेस को 0-1 सीटें मिल सकती हैं।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक एनडीए को झारखंड में 8-10 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 2-3 सीटें मिल सकती हैं।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक झारखंड में एनडीए गठबंधन को 50 फीसदी वोट शेयर मिलेगा। इंडिया गठबंधन को 41 फीसदी वोट शेयर मिलेगा।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक इंडिया गठबंधन को बिहार में 7-10 सीटें मिल सकती हैं। आरजेडी को तेजस्वी यादव की मेहनत का फायदा मिल रहा है। वह 6-7 सीटें जीत सकते हैं।

बिहार में एनडीए को भारी बहुमत मिलता दिख रहा है। एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए को 29-23 सीट मिल सकती है। वहीं इंडी गठबंधन को 7-10 सीट से संतोष करना पड़ सकता है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक इंडिया गठबंधन को बिहार में 7-10 सीटें मिल सकती हैं। आरजेडी को तेजस्वी यादव की मेहनत का फायदा मिल रहा है। वह 6-7 सीटें जीत सकते हैं।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक बिहार में एनडीए को 29-33 सीटें मिल सकती हैं। एनडीए को 10-11 सीटों का नुकसान हो रहा है। नीतीश कुमार एनडीए की कमजोर कड़ी साबित हो रहे हैं।

एनडी टीवी इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार एनडीए को 365 सीट मिलती दिख रही है। इंडी गठबंधन को 142 सीट मिल सकती है। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के बिहार में एनडीए को 48 फीसदी वोट मिल सकते हैं। एनडीए को 2019 के मुकाबले वोट फीसदी में नुकसान हुआ है।

पीएमएआरक्यू के एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए 359 सीट के साथ एक बार भी सरकार बना रहा है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इंडी गठबंधन 154 सीट पाता दिख रहा है।

मैटराइज्ड के एग्जिट पोल के अनुसार एनडीए को 353-368 सीट मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन 118-133 सीट पर सिमट सकता है। जन की बात के अनुसार, लोकसभा चुनाव में एनडीए को 377 सीट मिल सकती है। वहीं इंडी गठबंधन 151 सीट पर सिमट जाएगा। अन्य के खाते में 15 सीट जाती दिख रही है। दक्षिण भारत को भाजपा की कमजोर कड़ी माना जा रहा था, लेकिन एग्जिट पोल के मुताबिक, यहां के राज्यों में एनडीए को 57 तक सीट मिल सकती है।

आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक केरल में इंडी गठबंधन को 13-14 सीटें मिल सकती हैं। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के मुताबिक केरल में एनडीए को 2-3 सीटें मिल सकती हैं। केरल में भाजपा का खाता खुल जाएगा। जी न्यूज ने एनडीए को 353-367 सीटें दी हैं। इंडी गठबंधन को 118-133 सीटें दी हैं। तमिलनाडु में भाजपा को 7 सीट तक मिलने का अनुमान है।

रिपब्लिक टीवी के सर्वे में एनडीए को 359 सीट का अनुमान लगाया गया है। इंडी गठबंधन को 154 सीट मिल सकती है। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के अनुसार एनडीए के उम्मीदवार प्रज्वल रवन्ना को हासन में कड़ी टक्कर मिल रही है। उन पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शशि थरूर को हार का सामना करना पड़ सकता है। केरल में पहली बार भाजपा का खाता खुल रहा है लेकिन कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन जारी है। राहुल गांधी वायनाड से जीत रहे हैं। आज तक के इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के अनुसार कर्नाटक में एनडीए को 23-25 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 3-5 सीटें मिलती दिख रही हैं।

तमिलनाडु में इंडी गठबंधन को 33 से 37 सीट मिलने का अनुमान है। एनडीए के खाते में 2 से 4 सीट जा सकती है।

## फ्लाइट में बम होने का शक, मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** चेन्नई से मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार को बम होने का शक हुआ। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी डिक्लेयर करके लैंडिंग कराई गई। इसमें 172 पैसेंजर्स थे। फिलहाल, फ्लाइट में तलाशी ली जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट नंबर 6श्व-5314 आज सुबह करीब 6.50 बजे चेन्नई से रवाना हुई थी। मुंबई जाने के दौरान इसमें एक लावारिस रिमोट मिला। इसके बाद पायलट ने मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी और इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी।

मुंबई एयरपोर्ट पर सुबह 8.45 बजे फ्लाइट की लैंडिंग हुई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और एम्बुलेंस को स्टैंडबाय पर रखा गया। बम की आशंका के बीच फ्लाइट को एक आइसोलेशन-बे में ले जाया गया, जहां सभी यात्री उतर गए। इंडिगो ने अपने बयान में बताया कि सभी यात्री विमान से सुरक्षित उतर गए हैं। अभी जांच चल रही है। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद फ्लाइट को वापस टर्मिनल एरिया में ले जाया जाएगा। एक हफ्ते के दौरान इंडिगो एयरलाइन में बम की यह दूसरी सूचना है।

## हीटस्ट्रोक से 4 दिन में 7 राज्यों में 320 मौतें

### इनमें 25 चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी-अधिकारी, दिल्ली समेत 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी और हीटस्ट्रोक से पिछले चार दिन में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। पिछले तीन दिनों में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा करीब 100 लोगों की जान गई है। बिहार में पिछले 3 दिनों में हीटवेव से 69 लोगों की मौत हुई। यूपी-बिहार में शुक्रवार को करीब 40 लोगों की मौत की खबर है। इनमें 25 लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारी और अधिकारी हैं।

पिछले 4 दिन में राजस्थान में गर्मी के चलते 60, झारखंड में 37, ओडिशा में 18, मध्य प्रदेश में 2 और दिल्ली में एक व्यक्ति की मौत हुई। झारखंड के अस्पतालों में 1,326 लोग भर्ती हैं। कई स्थानों पर हीटस्ट्रोक से जुड़े वार्ड में जगह नहीं बची है। शुक्रवार को यूपी के मिर्जापुर में एक जून को मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा था। इस दौरान दोपहर में अचानक होमगार्ड, सिपाही, पीएसी के जवान और पैरामिलिट्री के जवान बेहोश होने लगे। कुछ पोलिंग पार्टी के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर बेहोश हो गए।

आईएमडी के मुताबिक, शुक्रवार को कानपुर में देश का सबसे ज्यादा तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, हरियाणा का सिरसा दूसरे नंबर पर रहा, यहां पारा 47.8डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली के आयानगर का पारा 47डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार (1 जून) को राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और हिमाचल में हीटवेव का अनुमान है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में दिन के साथ रात भी गर्म रहेगा। गोवा, तेलंगाना में उमस भरी गर्मी की आशंका है। ओडिशा सरकार ने लोगों से कहा है कि सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक घर में ही रहें। यहां 13 जगहों पर पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। अगले तीन दिन तक ऐसे ही हालत रहने का अनुमान है। सरकार ने ठेकेदारों को मजदूरों से ज्यादा काम कराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। महाराष्ट्र में ठाणे नगर निगम ने वाटर सप्लाई में 5 फीसदी कटौती की घोषणा की है। 5 जून नए आदेश को लागू किया जाएगा।

## 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग खत्म, बलिया में वोट देने पहुंचे बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज की वोटिंग पूरी हो गई है। आज यानी 1 जून को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट एप के मुताबिक शाम 5 बजे तक 58.34% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 69.89% वोटिंग पश्चिम बंगाल में और सबसे कम 48.86% वोटिंग बिहार में हुई है।

इसके अलावा ओडिशा में विधानसभा चुनाव के लिए 62.46% वोटिंग हुई। 4 राज्यों की 9 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव के लिए मतदान हुआ।

बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी की वजह से हुई।

सातवें चरण में भी पश्चिम बंगाल से हिंसा की खबरें आई हैं। पश्चिम बंगाल के भांगर में सीपीआई (एम) और आईएसएफ के कार्यकर्ताओं ने टीएमसी समर्थकों पर बम से हमले का आरोप लगाया है। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने ट्वीट करके बताया कि जयनगर के बेनीमाधवपुर स्कूल के पास सेक्टर ऑफिसर से भीड़ ने रिजर्व ईवीएम और कागजात लूट लिए। 1 सीयू, 1 बीयू और 2 वीवी पैड मशीनों को तालाब में फेंक दिया गया।

## झरोखा




## जीवन का हर पल देश को समर्पित: मोदी



**कन्याकुमारी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना की। वे 30 मई की शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने ध्यान लगाया। उन्होंने विवेकानंद शिला के पास स्थित तमिल कवि तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किए। उन्हें नमन किया। इसके बाद वे दोपहर 3 बजे विवेकानंद रॉक मेमोरियल से बाहर निकले। मोदी ने बाहर आकर संदेश दिया- फिर से ये संकल्प दोहराता हूं कि मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। मोदी ने कहा यह साधना अविस्मरणीय क्षणों में से एक रही। इस दौरान अलौकिक और अद्भुत ऊर्जा का अनुभव किया।

शनिवार (1 जून) को ध्यान का तीसरा दिन था। आज सूर्योदय के समय मोदी ने सूर्य को अर्घ्य दिया। ध्यान मंडपम की परिक्रमा की। आज की तस्वीरों में मोदी रुद्राक्ष की माला जपते, ध्यान मंडपम के कॉरिडोर में बैठे और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को नमन करते दिखाई दिए। कांग्रेस ने ध्यान के खिलाफ लगाई याचिका मोदी के ध्यान के खिलाफ तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की विवेकानंद रॉक यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता है, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के 7वें फेज के कूलिंग पीरियड के दौरान उनकी यात्रा हिंदू भावनाओं को भड़काने और अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके वोट हासिल करने की कोशिश है। इसलिए इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## एग्जिट पोल से पहले खड़गे का दावा-295 सीटें जीतेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल से एक घंटे पहले कांग्रेस ने इंडिया को कम से कम 295 सीटें मिलने का दावा किया। यह ऐलान गठबंधन की बैठक के बाद किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 जून को कहा कि इंडिया की बैठक ढाई घंटे से ज्यादा चली।

उन्होंने बताया कि हमने चुनाव के दौरान हुई कमजोरियों और ताकत पर चर्चा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आएंगी। इससे कम तो नहीं आएंगी, ये हमने आकलन किया है। हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है और इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है।

खड़गे ने मीडिया से कहा, हम यूनाइटेड हैं, आप हमें डिवाइड क्यों कर रहे हैं। हम सभी लोग एक साथ हैं। हम एक हैं, एक रहेंगे, हमें डिवाइड करने की कोशिश नहीं करें।



हमने निर्णय लिया है कि हम लोग एग्जिट पोल डिबेट में चर्चा करेंगे। इंडिया की बैठक में 23 नेता शामिल हुए। ममता बनर्जी शामिल नहीं हुईं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि इंडिया कम से कम 295+ सीट जीतेगी। इंडिया जीत रहा, देश की जनता जीत रही है। पीएम का चेहरा कौन रहेगा, ये बाद में हम लोग तय करेंगे, लेकिन जनता का सर्वे महागठबंधन, इंडिया गठबंधन के साथ है। बीजेपी का जो 400 पार का नारा है उनका फिल्म फर्स्ट फेज में ही फ्लॉप हो गई। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सीटें पलट जाएंगी और इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीटें जीतेगी। अखिलेश ने गठबंधन के पीएम के चेहरे पर भूचाल आने के बीजेपी के दावे पर कहा कि भूचाल नहीं आएगा। पहले से महंगाई का भूचाल था, जीएसटी की मार का भूचाल था, सीबीआई का भूचाल था, ईडी का भूचाल था। अब ये सब भूचाल खत्म हो जाएंगे।

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, इंडिया गठबंधन को 295+ सीट मिल रही हैं। बीजेपी 220 सीटों पर सिमट जाएगी। एनडीए गठबंधन को 235 के करीब सीट मिल रही हैं। इंडिया सरकार बनाएगी।

सीपीआई महासचिव डी राजा ने कहा कि बैठक में काउंटिंग को लेकर अलर्ट रहने का फैसला हुआ है। हमने चुनाव आयोग से मिलने का समय मांगा है। जैसे ही आयोग हमें समय देगा, हमारे नेता मिलने जाएंगे। चुनाव परिणाम एकतरफा होने वाला है, हम 295+ सीटें जीतेंगे। डीएमके सांसद टीआर बालू ने कहा कि इंडिया गठबंधन केंद्र में स्थिर सरकार बनाएगा। हमें 295 से कम सीटें नहीं मिलेंगी। गठबंधन के दल जिसे चुनेंगे उसे प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन 295+ सीटें जीत रहा है, ये आंकड़ा लोगों में किए गए सर्वे के मुताबिक है। मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, राम गोपाल यादव, शरद पवार , जितेंद्र अव्हाड, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, संजय सिंह, राघव चड्ढा, टी. आर. बालू , तेजस्वी यादव , संजय यादव, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन , फारूक अब्दुल्ला, डी. राजा , सीताराम येचुरी , अनिल देसाई शिवसेना, दीपांकर भट्टाचार्य सीपीआई और मुकेश साहनी ।

# निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर वांछित जानकारी अपलोड करने की अंतिम तिथि 08 जून

## निर्धारित तिथि के बाद अपलोड करने पर 5 गुना राशि जमा करनी होगी

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियम) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 क्रमशः दिनांक 25.01.2018 एवं दिनांक 02.12.2020 को अधिसूचित किये गये हैं। उक्त अधिनियम एवं नियम अधिसूचना दिनांक से प्रवृत्त होकर लागू है।

उपरोक्त दिशा निर्देशों के परिपालन में जिलातंर्गत संचालित समस्त अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हा.से. संस्थाओं के प्राचार्य एवं व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है कि मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2018 एवं नियम 2020 प्रावधानों का निम्नांकित बिन्दु अनुसार पालन अनिवार्यतः किया जाना सुनिश्चित करेंगे। वेबसाइट की लिंक जिस पर प्रत्येक निजी विद्यालय अनिवार्यतः अपना यूजर आई. डी. एक्टिवेट करना सुनिश्चित करेंगे। वेबसाइट लॉगइन करने हेतु निजी विद्यालय का यूजर आई.डी. उक्त विद्यालय का यू-डायस कोड निर्धारित किया गया है तथा सभी विद्यालयों के लिए डिफाल्ट पासवर्ड भी सूचित किया गया है। प्रथम बार यूजर आई.डी. एक्टिवेट (क्रियाशील) करने के उपरांत डिफाल्ट पासवर्ड रिसेट (परिवर्तित) करना होगा तत्पश्चात निजी विद्यालय अपने विद्यालय से संबंधित विभिन्न वांछित जानकारी की प्रविष्टि वेबसाइट पर लागइन कर सकेंगे। सभी निजी विद्यालयों को नियम 2020 अंतर्गत निम्नानुसार जानकारी की प्रविष्टि की जानी है- विद्यालय की सामान्य जानकारी अद्यतन/अपडेट करने के उपरांत सत्यपित करेंगे। समस्त निजी विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये नियत की गई फीस संरचना (कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों में) की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि/अपलोड किया जाएगा। समस्त निजी विद्यालय विगत तीन वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के संपरीक्षित (आडिटेड) लेखों की जानकारी मॉड्यूल पर उपलब्ध प्रारूप दो अनुसार वेवसाइट पर अपलोड करेंगे। संपरीक्षित लेखों में चिट्ठा (बेलेन्स शीट), प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित अंकेक्षण प्रतिवेदन सम्मिलित होगें। निर्धारित प्रविष्टियां करने के उपरांत संबंधित विद्यालय निर्धारित प्रक्रिया फीस विभागीय आदेश दिनांक एफ/आर-501/2021/20-3 दिनांक 19.04.2022 के अनुक्रम में संलग्न परिशिष्ट 01 अनुसार ऑनलाइन जमा करेगा। संबंधित विषयों का विनियमन हेतु प्रारूप छः अनुसार 100 रूपये के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर आवश्यक वचन पत्र अपलोड करेंगे। यह भी प्रकाश में आया है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना एवं विगत 3 वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के संपरीक्षित लेखों (आडिटेड एकाउट्स) की जानकारी इत्यादि अपलोड किया जाना था। किन्तु कुल निजी विद्यालयों की संख्या की तुलना में अद्यतन बहुत कम संख्या मे प्रवृष्टि की गई है। अतः उपरोक्त निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना एवं विगत वर्षों के संपरीक्षक लेखें की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नियम की गई फीस संरचना की जानकारी विभागीय पोर्टल पर दिनांक 08 जून 2024 तक अनिवार्यतः अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। फीस तथा अन्य विषयों का विनयमन पोर्टल के क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में यूजर मेन्युअल की प्रति भेजी गई है एवं किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा प्रक्रियात्मक जानकारी हेतु आनन्द मिश्रा सहायक परियोजना प्रबंधक मो.नं. 8319129439 एवं शुभम सेन समन्वयक मो नं. 8359014228 से सम्पर्क कर सकते है। दिनांक 08 जून 2024 तक निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर वांछित जानकारी अपलोड नहीं करने की स्थिति में उनके विरूद्ध म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित शिक्षकों का विनियम) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के प्रावधानों के तहत म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम-3 के उप नियम-4 के अनुक्रम में निर्णय लिया गया है कि समय सीमा में प्रस्तावित फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड न करने की स्थिति में प्रक्रिया फीस के साथ-साथ प्रक्रिया फीस की पांच गुना राशि विलंब के लिए अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया जायेगा। उन्होने बताया कि वे विद्यालय जिनका नामांकन 2000 से अधिक है निर्धारित शुल्क 5 हजार रूपये, जिनका नामांकन 1001 से 2000 के बीच है 3 हजार रूपये, जिनका नामांकन 501 से 1000 तक है 2 हजार रूपये एवं जिनका नामांकन 500 तक है 1 हजार रूपये निर्धारित प्रक्रिया शुल्क प्रतिवर्ष जमा करनी होगी। निर्धारित समयावधि के बाद जानकारी अपलोड करने पर अर्थदण्ड 5 गुना जमा करना होगा। उन्होने निर्देशित किया है कि म.प्र. में समस्त बोर्ड (माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई. एवं अन्य बोर्ड) से मान्यताध्समबद्धता प्राप्त निजी विद्यालयों को अधिनियम का पालन करना अनिवार्य होगा।

# व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित हुआ



**सीधी।** संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 30 मई को ''व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा सभाग डॉ.आर. पी. सिंह ने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और चरित्र निर्माण विषय के महत्व को विस्तार से बताया।

राष्ट्रीय वेबीनार में तीन मुख्य वक्ता थे जिनमे डॉ. अंकन सिन्हा सहायक प्राध्यापक त्रिपुरा ने व्यक्तित्व विकास में योग का महत्व विषय पर विशेष चर्चा की और यह समझाया कि व्यक्तित्व विकास में योग कितना लाभदाई हो सकता है साथ ही साथ अष्टांग योग के महत्व को स्पष्ट किया और व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी योग का कितना अधिक महत्व है। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. सुजय बिष्ट सहायक प्राध्यापक एलएनआईपीई गुवाहाटी ने व्यक्तित्व विकास में सहायक विविध आयामों पर विशेष चर्चा की और तीसरे वक्ता के रूप में डॉ गौरव पंत ने व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण में खेलकूद की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस राष्ट्रीय वेबीनार में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ छात्र छात्राएं शामिल रहे और साथ ही दूसरे प्रदेशों से भी अनेक लाभार्थियों ने इसका लाभ लिया। महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. गुलशेर अहमद ने संबंधित विषय का परिचय एवं विषय प्रवेश कराया। संपूर्ण कार्यक्रम का सार डॉ रविंद्र नाथ सिंह स्पोर्ट ऑफिसर ने प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह महाविद्यालय से शासकीय आवश्यक कार्य से बाहर रहने के कारण वेबीनार में ऑनलाइन जु? रहे तथा मार्गदर्शन देते रहे और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में इस संपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने वाले महाविद्यालय के सीनियर प्राध्यापक डॉ आरबीएस चौहान ने विषय पर अपनी बात रखते हुए आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी ने किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वी में प्रवेश प्रारंभ, जिलास्तरीय मेरिट सूची प्रकाशित

**सीधी।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में कक्षा 9मी में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे छात्र जिन्होंने जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2024 की पात्रता परीक्षा पास की है, साथ ही कक्षा 8वीं परीक्षा उत्तीर्ण है, ऐसे छात्र अपना प्रवेश आवेदन निर्धारित दस्तावेजों के साथ प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आशय के संबंध मे और अधिक जानकारी देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने बताया कि विगत दिनों उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा जो प्रदेश स्तर पर संपन्न हुई थी उसकी जिला स्तरीय मेरिट सूची भोपाल से प्रकाशित हो चुकी है ऐसे छात्र जो वर्ष 2024 में कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और मेरिट सूची में अपना स्थान रखते हैं वह विद्यालय मे सुबह 11:00 से 4.00 तक आकर अपने कुछ प्रमुख दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों हेतु अपनी जिला स्तरीय मेरिट सूची पात्रता परीक्षा की एक फोटो कॉपी, कक्षा 8वीं पास अंक सूची की फोटोकॉपी, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज की फोटो प्रति 6 नग, बैंक के खाते की छाया प्रति जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जिनके लिए आवश्यक हो, लाकर जमा करते हुए प्रवेश आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। इस मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 15 जून तक चलेगी इसके पश्चात समिति के निर्णय के अनुसार प्रतीक्षा सूची जारी की जाएगी। ऐसे छात्र जो मेरिट सूची में स्थान रखते हैं, वह शीघ्र जाकर अपना प्रवेश प्राप्त कर ले। निर्धारित समय बीत जाने के पश्चात संबंधित छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## सीएमराइज विद्यालय में प्रवेश 10 जून तक

**सीधी।** शहर में स्थित शासकीय सीएमराइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है प्राचार्य सुभाषचंद पटेल ने जानकारी देकर बताया कि लोकशिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के आदेश क्रमांक सीएमराइज/2024/858 भोपाल दिनाँक 07/03/2024 क्रमांक सीएमराइज 2022-23/1559 भोपाल दिनाँक 30/01/2023 एस.एम.डी. बैठक दिनाँक 15/04/24 कार्यालयीन प्रवेश समिति की बैठक दिनाँक 01/06/24 में लिए गए निर्णय के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बैठक क्षमता के आकलन के आधार पर केवल कक्षा 9वीं एवं 11वीं में बालिकाओं को हिंदी माध्यम में प्रवेश के लिए दिनाँक 01/06/2024 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है, प्रवेश आवेदन पत्र का वितरण एवं जमा दिनाँक 1 जून से 10 जून तक कार्यालयीन समय मे किया जाएगा।

# मतगणना के लिए मैनुअल टेबुलेशन टीम गठित

**सीधी।** रिटर्निंग आफीसर 11 सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ने आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी के मतगणना में सहयोग हेतु आर.एस. गौतम लेखाधिकारी जिला पंचायत सीधी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उनके सहयोग हेतु मैनुअल टेबुलेशन टीम का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट एवं 77 सीधी के लिए सुमित कुमार लेखाधिकारी लो.नि.वि. सीधी एवं सहयोगी अजीत सिंह पटेल सहा. वर्ग 03 लोक निर्माण विभाग सीधी एवं कृपाचार्य गौतम सहायक वर्ग 3 लोकसेवा सीधी को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 78-सिहावल एवं 79 चितरंगी के लिए उपेन्द्र कुमार तिवारी लेखाधिकारी म.प्र. वि.वि.कं. सीधी एवं सहयोगी धीरज सिंह सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत सीधी एवं परमानन्द तिवारी डाटा इन्ट्री आपरेटर जिला निर्वाचन कार्यालय, 80 सिंगरौली एवं 81 देवसर के लिए अजीत कुमार लेखाधिकारी पीएचईडी सीधी सहयोगी आशीष सेन लेखापाल जिला पंचायत सीधी एवं रोहणी प्रसाद पाण्डेय सहायक वर्ग 03 जनपद कार्यालय तथा 82 धौहनी एवं 83 ब्यौहारी के लिए प्रभुशंकर शुक्ला जिला आडीटर जिला पंचायत सीधी सहयोगी आशुतोष सोनी लेखापाल जिला पंचायत सीधी एवं अखण्ड प्रताप सिंह कम्प्यूटर आपरेटर जनपद पंचायत सीधी को नियुक्त किया गया है।

उक्त टीम के टाइपिंग कार्य हेतु राजेश विश्वकर्मा कम्प्यूटर आपरेटर जिला पंचायत सीधी एवं उमेश मौर्य डाटा एन्ट्री आपरेटर जनपद पंचायत मझौली की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त टीम समस्त विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग आफिसर के कक्षों से टेबिलवार/अभ्यर्थीवार प्राप्त मतों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त कर मैनुअल मतगणना का टेबुलेशन कार्य सम्पादित करेगी। उक्त समस्त टीम सदस्य 3 जून 2024 तक मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रवेश पत्र प्राप्त कर मतगणना दिनांक 04 जून 2024 को संजय गांधी स्मृति शा. महाविद्यालय सीधी के निर्धारित कक्ष में प्रातः 6 बजे उपस्थित होगे।

## मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 03 जून को, आदेश तामीली के लिए विभाग प्रमुखों को किया गया निर्देशित

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना हेतु मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन दिनांक 03.06.2024 को पूर्वान्ह मे किया जाना प्रस्तावित है। रेण्डमाइजेश के पश्चात चयनित मतगणना कर्मियों को मतगणना हेतु विधानसभा आवंटित किया जावेगा। उन्होने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने अधीन आने वाले संबंधित को आदेश एवं परिचय पत्र दिनांक 03.06.2024 को दोपहर 02 बजे के पश्चात एनआईसी सीधी मे विशेष वाहक को भेजकर प्राप्त कर एवं संबंधितों को तामीली कराना सुनिश्चित करें।

# शासकीय महाविद्यालय कुसमी में हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

सीधी। प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुसमी ने जानकारी देकर बताया है कि एक जून को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय कुसमी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति मुद्दे एवं चुनौतियाँ विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार के मुख्य संरक्षक डॉ. आर.पी. सिंह क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग ने वेबिनार के महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाते हुये उच्च शिक्षा विभाग में हो रहे परिवर्तनों पर जोर दिया। वेबिनार के संरक्षक डॉ. पी. के. सिंह प्राचार्य संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विस्तार से समझने और क्रियान्वित करने पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामलला शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में इस नीति को क्रियान्वित करने के लिये पूर्ण मनोयोग से कार्य करने की बात कही। उक्त वेबिनार में मुख्य वक्ता डॉ. हरीश सिंह सहायक प्राध्यापक प्रयागराज ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान को सर्वाधिक देने की बात कही। विषय विशेषज्ञ के रुप में डॉ. आकांक्षा सिंह एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मूल्य आधारित समग्र शिक्षा प्रदान करना और वैज्ञानिक स्वभाव का विकास करना। वेबिनार के विषय विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. शुक्ला प्राध्यापक शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा ने शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

वेबिनार का संयोजन एवं संचालन डॉ. हरिचरण अहिरवार सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुसमी ने की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ. उमाशंकर तिवारी, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुसमी ने किया। उक्त वेबिनार में डॉ. नजर अली सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुसमी, डॉ. अविनाश कुमार सिंह क्रीडाधिकारी, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. के.एस. नेताम, डॉ. आर.बी.एस. चौहान, प्रो ओ पी नामदेव, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी, डॉ. रविन्द्रनाथ सिंह क्रीडाधिकारी, अजय कुमार, डॉ. दिलीप कुमार सोनी, डॉ. के. बी. रॉय, डॉ. उमाकान्त साहू, डॉ. के. बी. मिश्रा, ऋषिकेश सोंधिया, राजभान सिंह सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## मतगणना के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक 02 जून को

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी अंतर्गत मतगणना दिनांक 04.06.2024 को किया जाना है। मतगणना से संबंधित जानकारी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी की अध्यक्षता में दिनांक 02.06.2024 को शायं 5 बजे 5.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है।

# मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों के साथ बैठक 02 जून को

सीधी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी अंतर्गत मतगणना दिनांक 04.06.2024 को किया जाना है। रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी की अध्यक्षता में दिनांक 02.06.2024 को शायं 5.30 बजे से 06 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना की तैयारियों एवं प्रक्रिया के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होने समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि व निर्वाचन अभिकर्ता को नियत दिनांक व नियत समय पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

# पचास छाया एवं फल दार पेड़ की लगाकर की मिशाल पेस

मझौली

आज नौतपा के भयानक तपन से जहां देश प्रदेश में भयंकर रूप ले रहा है सरकारों द्वारा रेड ब्लू अलर्ट घोषित किया जा रहा है आज व्रक्षों की कमी से भीषण गर्मी एवं भीषण ठंड का प्रकोप जारी होता है सरकार द्वारा अनेक योजनाएं वृक्ष लगाने को लेकर चलाई जा रही हैं वही मझौली कॉलेज के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने अपने गृह ग्राम दादर (पथरौला) में पचास छाया दार एवं फल दार पेड़ पौधे लगाकर उनका देखरेख कर दस वर्षों में तैयार किया है उनकी कड़ी मेहनत एवं देख रेख से सभी पौधे तैयार होकर फल दे रहे हैं आम के कई पौधे बड़े बड़े साइज के फल दे रहे हैं नीम जामुन पीपल कटहल का पौधा आज हरा भरा लहराता हुआ दिख रहा है उन्होंने कहा कि आज हमारे द्वारा लगाए गए पौधे में जहा पशु पक्षी मानव सभी के लिए आज वरदान साबित हो रहा है उन्होंने कहा कि मैं देखता हूं तो पक्षियों का झुंड बैठा रहता है आने जाने वाले राहगीरों के लिए के लिए इस वातावरण में आम और पीपल का वृक्ष बड़ा सहायक हो रहें हैं पशु पक्षी मानव जीवन के लिए बड़ा सहायक होता देख मन बड़ा प्रफुल्लित एवं आनंदित होता है श्री मिश्रा ने कहा कि आज के समय को ध्यान में रखकर सभी मानव को कम से कम अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाए जिससे अपने घर का वातावरण एवं देश के पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा घर बैठे देश एवं समाज की सेवा सभी को करना चाहिए।

## सूखी नदी में छलांग लगाने से हेड कॉन्स्टेबल का पैर टूटा, आरोपित भाग निकला



**सीधी।** मुखबिर की सूचना में आरोपित को पकड़ने गए हेड कॉन्स्टेबल का पैर टूट गया। साथियों ने हेड कॉन्स्टेबल को तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद रीवा के संजय गांधी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। बता दें कि आरोपित सूखी नदी में कूदकर भागने लगा, हेड कॉन्स्टेबल ने भी छलांग लगा दी, आरोपित तो भाग निकला, लेकिन हेड कॉन्स्टेबल का पैर टूट गया।

# झोलाछाप के खिलाफ स्वास्थ्य अधिकारियों ने संभाला मोर्चा, शुरू हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही

**चुरहट।** जिले की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले झोला छाप के खिलाफ सीधी में इन दिनों ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। चुरहट में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वरुण सिंह ने वर्षो से चल रही अवैध क्लीनिक पर ताला मार दिया है। इस कार्रवाई से चुरहट सहित समूचे जिले में हड़कंप मचा है।

जिले में कुकुरमुत्ते की तरह तरह गांव गांव झोला छाप ने डेरा जमा लिया था जिनके चंगुल में फंस कर जनता असमय जान गंवा बैठती थी। सीएमएचओ डॉ आइजे गुप्ता द्वारा झोला छाप के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सभी खंड स्तरीय डाक्टरों को निर्देश दिए हैं। बता दें कि खंड स्तरीय डाक्टरों की टीम राजस्व अधिकारियों के साथ ऐसे क्लीनिकों को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चुरहट में अवैध रूप से संचालित



पड़ोले की क्लीनिक को सील कर दिया है। चुरहट में वर्षो से संचालित प्रभु कुंज क्लीनिक का संचालन डॉ जवाहर पडोले के नाम से किया जा रहा था। खास बात यह है कि कार्रवाई करने पहुंची टीम को मौके पर इस क्लीनिक में काफी संख्या में मरीज भी मिले हैं जिन्हे सस्ती दवा के नाम पर लूटा जा रहा था।

चुरहट बाजार क्षेत्र में संचालित इस अवैध क्लीनिक की नाम प्रभू कुंज था लेकिन इसकी पहचान अवैध गर्भपात के ठिकाने के रूप में थीं। सूत्र बताते हैं कि इस क्लीनिक में जहां भर्ती से लेकर तमाम सुविधाओं के नाम पर लोगों से पैसा एठा जाता था वहीं अवैध गर्भपात कराने वाले लोगों को यह सुविधा भारी भरकम शुल्क के साथ सहज ढंग से उपलब्ध कराई जाती थीं। सूत्र बताते हैं कि एक गर्भपात कराने की शुल्क 5 हजार रुपए ली जाती थीं। पडोले की क्लीनिक में छापामार कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। रसूखदार व राजनैतिक संरक्षण की वजह से आज तक इनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई थी, जबकि 20 विस्तर का अस्पताल ही खोल दिया गया था। इस अवैध क्लिनिक भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां जब्त की गई है।

चुरहट बाजार क्षेत्र में वर्षो से संचालित इस अवैध क्लीनिक में छापामार कार्रवाई के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर वरुण सिंह, तहसीलदार राकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार रामप्रताप सोनी, आलोक मणि कुशवाहा पटवारी, अखिलेश मिश्रा सहित पुलिस दल से करन तिवारी, आनंद सिंह, उदय तिवारी की मौजूदगी में यह कार्यवाही की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर झोलाछाप डॉक्टर व अवैध क्लीनिक संचालित करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई हैं, आगे भी झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

**डा.वरुण सिंह, मेडिकल ऑफिसर**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरहट**

## संपादकीय

### पुणे मामला, खेल खेलना कानून व्यवस्था के लिए घातक

महाराष्ट्र के पुणे में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की जान चली जाने के बाद आरोपी चालक को बचाने के लिए जिस स्तर के विषाक्त खेल सामने आए हैं, वे हैरान करने वाले हैं। होना तो यह चाहिए था कि आरोपी को संबंधित कानूनों के तहत कठघरे में खड़ा किया जाता और उचित सजा दी जाती। मगर अफसोस कि इसमें शुरू से ही कानूनी पक्ष को कमजोर करने से लेकर मामले को दबाने और आरोपी को बचाने के मकसद से हर स्तर पर गड़बड़ी करने की कोशिश की गई। आरोपी के नाबालिग होने के आधार पर अदालत में बिना देर किए उसे यातायात संचालन में सहयोग देने और निबंध लिखने जैसी बेहद हल्की शर्तों के साथ जमानत दे दी गई। कानून में इस तरह जमानत देने का आधार हो सकता है, मगर तथ्य यह भी है कि इस घटना में बिना पंजीकरण और ड्राइविंग लाइसेंस के शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आरोपी की गैरजिम्मेदारी ने दो लोगों की जान ले ली। एक गंभीर अपराध करने वाले को बचाने के पीछे इसके सिवा और क्या कारण हो सकता है कि आरोपी रईस परिवार से है और पुलिस ऐसी स्थिति में कई बार परोक्ष प्रभाव में काम करती है। सच यह है कि मामले ने तूल पकड़ा तब कार्रवाई का तरीका बदला। आरोपी की जमानत रद्द हुई और लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिस अफसरों को निलंबित किया गया। यह उजागर हुआ कि अस्पताल में आरोपी के खून का जो नमूना लिया गया था, उसे कूड़ेदान में फेंक दिया गया और दूसरे व्यक्ति का खून लेकर फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेजा गया। इस आरोप में दो डाक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। इस हरकत ने अन्य अपराधों के मामले में भी फोरेंसिक जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। इससे पहले आरोपी के दादा को ड्राइवर का अपहरण करने, धमकी देने और अपराध कबूल करने को मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद जो हुआ, उससे यही जाहिर हुआ है कि समूचा तंत्र किसी रसूखदार आरोपी के बचाव में कितना गैरजिम्मेदार हो सकता है।

**1 जून विश्व मातृ- पितृ दिवस पर विशेष**

# संतान के लिए प्रथम गुरु और भगवान के समतुल्य मातृ-पितृ

**वैश्विक मातृ-पितृ दिवस, अपने बच्चों के पालन-पोषण और सुरक्षा में परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी को सम्मानित और प्रतिष्ठ करता है। इसलिए, यह दिन अपने बच्चों के लिए सभी माता-पिता की निस्वार्थ प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है, जिसमें इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन बलिदान शामिल हैं। वैश्विक मातृ-पितृ दिवस बच्चों के पालन-पोषण में माता पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है. दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए 2012 में महासभा द्वारा इस दिन को नामित किया गया था.एक छ जून 2022 को विश्व के कई देशों में मातृ - पितृ दिवस मनाया जा रहा है।**

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

मातृ- पितृ दिवस जिसे मातृ पितृ पूजन दिवस भी कहा जाता है। इस दिन सभी धर्मों के बच्चे अपने माता-पिता की पूजा करते हैं और उन्हें तिलक, माला चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। इसे कई लोग परिवार के सदस्यों के बीच बंधन को मजबूत करने और बच्चों में सम्मान, आज्ञाकारिता और विनम्रता जैसे अच्छे मूल्यों को आत्मसात करने के तरीके के रूप में देखते हैं। लोक निर्देश निदेशालय के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के स्थान पर माता-पिता पूजा दिवस के रूप में मनाया जाता है। माता-पिता को स्कूलों में आमंत्रित किया जाता है। जहां उनको पुष्पा हार पहनाकर चरण स्पर्श और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए हर साल एक जून को वैश्विक मातृ-पितृ दिवस मनाता है। भारतीय संदर्भ में पौराणिक काल में श्रवण कुमार का उदाहरण स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जो युगो युगो से माता पिता के प्रति संतान का दायित्व और माता पिता की महत्ता को सर्वोत्तम रूप से महिमामंडित करता है। श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को अपने कंधों में रखे कांवर में बिठाकर पैदल ही तीर्थ यात्रा और माता पिता की सेवा के लिए अथक परिश्रम करते हैं। ऐसी संतान पाकर माता-पिता भी कृत कृतार्थ हो जाते हैं। अरे अगर श्रवण कुमार नहीं होते तो शायद रामायण भी रामायण नहीं होती। रामायण की कथा के मूल में श्रवण कुमार ही् तो हैं। श्रवण कुमार का रामायण की कथा से बहुत ही गहरा महत्वपूर्ण संबंध है। जब भगवान राम के पिता महाराज दशरथ ने जंगल में आखेट के समय धोखे से श्रवण कुमार पर शब्दभेदी बाण चला दिया, श्रवन ने कहा मेरी क्या गलती थी जो आपने अपने बाण से मुझे मारा अब में बचने वाला नही हु ,आप मेरे माता पिता को पानी पिला दे ये कह कर श्रवण ने अपने प्राण त्याग दिए बड़े ही भारी मन से राजा दशरथ पानी लेकर मातापिता के पास पहुचे और सारी घटना के लिए क्षमा मांगी लेकिन श्रवन के माता पिता श्रवन से बहुत ही प्यार करते थे वो इससे बहुत दुखी हो गए और ये कहते हुए प्राण त्याग दिए कि राजन जिस वियोग से हम अपने प्राण त्याग रहे है तुम भी अपने पुत्र वियोग में प्राण त्याग दोंगे ये ही हमारा तुझे श्राप है । ये कह कर दोनों ने प्राण त्याग दिए । इसी श्राप के कारण ही राजा दशरथ को अपनी प्रिय संतान श्री राम का वियोग सहना पड़ा और श्री राम भगवान को चौदह वर्ष वनवास मैं जाना पड़ा। वे अगर बनवास ना जाते तो ना तो माता सीता का हरण होता और ना लंका युद्ध होता और न ही रावण का वध होता। और यह सब ना होता तो रामायण की कथा कैसे बनती। खैर हम वापस वर्तमान की ओर आते हैं। वैश्विक मातृ-पितृ दिवस, अपने बच्चों के पालन-पोषण और सुरक्षा में परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी को सम्मानित और प्रतिष्ठ करता है। इसलिए, यह दिन अपने



बच्चों के लिए सभी माता-पिता की निस्वार्थ प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है, जिसमें इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन बलिदान शामिल हैं। वैश्विक मातृ-पितृ दिवस बच्चों के पालन-पोषण में माता पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है. दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए 2012 में महासभा द्वारा इस दिन को नामित किया गया था.एक छ जून 2022 को विश्व के कई देशों में मातृ - पितृ दिवस मनाया जा रहा है। मातृ दिवस के पूरक उत्सव के रूप में पिता दिवस दुनियाभर के पिताओं के सम्मान में मनाया जाता रहा है। यह एक तरह से पितृत्व के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। पिता होने तथा उनकी सत्ता को एक गौरव का विषय मानकर उनके लिए भोज, एवं पारिवारिक गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसके साथ ही कई अन्य रोचक बातें भी इससे संबंधित हैं। ?इसे मातृ दिवस का पूरक इसलिए माना गया क्योंकि इससे पहले पितृ दिवस का अस्तित्व नहीं था। जिस प्रकार स्त्री श्रम के सम्मान हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्त्री दिवस तथा मातृदिवस में मां होने के गौरव को सम्मानित करने के लिए एक दिवस आयोजित हुए उसी प्रकार इसकी भी शुरुआत हुई। समाज केवल स्त्री को ही स्त्री नहीं बनाता बल्कि एक पुरुष को भी पुरुष बनने और बने रहने को बाध्य करता है। पुरुषत्व के कारण एक पुरुष दहाड़ मारकर रो नहीं सकता, सिसक नहीं सकता, गृहस्थी में हाथ बंटा नहीं सकता, बच्चों और अपनी पत्नी के प्रति प्रेम की अभिवयक्ति खुलकर नहीं कर सकता, क्योंकि इसकी इजाजत उसे समाज नहीं देता।

समाज पुरुष को कठोर बने रहने, भावनाओं को काबू में करने, परिवार को, समाज को यहां तक की देश को नियंत्रण में रखने की शिक्षा देता है। इसका उदाहरण है कि भारत मे इन्दिरा गांधी के बाद भी कोई महिला प्रधानमंत्री आजतक नहीं बन पाई है, क्योंकि हमारे देश में आज भी यह रूढ़िवादी मानसिकता है कि किसी बड़े देश, वर्ग तथा बड़े काम को संभालने का हुनर केवल पुरुषों के पास है। यही हाल सेना, बड़े कार्पोरेट जगत, फिल्म, मीडिया तथा साहित्य में विद्यमान है। लेकिन सकारात्मक बात यह है कि ये रूढ़ियां अब धीरे-धीरे टूट रही हैं।

अब महिलाओं को भी इन संस्थानों में जगह मिल रही है। लेकिन यह सब इतनी आसानी से नहीं हो रहा है बल्कि इसके लिए महिलाओं ने खुद को साबित करके दिखाया है। एक लंबे संघर्ष का इतिहास रहा है। अब महिलाओं को कमजोर मानने की परंपरा को चुनौती मिल रही है। लेकिन चीजें अभी और बदलनी बाकी हैं। पुरुष को पितृसत्तात्मक बनाने में सामाजीकरण का बहुत योगदान है। बचपन से ही जेंडर के आधार पर स्त्री पुरुष में किए गए भेदभाव, स्त्री को घर के कामकाज में प्रमुखता दिया जाना और पुरुषों को सुपीरियर मानना इसकी जड़ों में है। यहां तक की किताबों, विज्ञापनों और रोजमर्रा के व्यवहार में स्त्री की हीनता की बातें दुहराई जाती हैं। आभूषण, रंग, प्रतीकों, कपड़े तथा खिलौने भी स्त्री और पुरुष के लिए अलग अलग हैं। इस स्थिति में बड़ा हो रहा बच्चा यह मानने के लिए मजबूर हो जाता है कि स्त्री तथा पुरुष के बीच में भेदभाव है।

उदाहरण के लिए छोटी कक्षाओं की पुस्तकों में चित्र के माध्यम से दिखाया जाता है कि मां रोटी बना रही है और पिता अटैची लेकर काम पर निकल रहे हैं। खिलौने भी अलग-अलग हैं। छोटी बच्चियों को जहां गुड़िया, किचन सेट आदि दिया जाता है वहीं पुरुष बच्चों को बंदूक, गाड़ी, गेम आदि । कुछ परिवारों में लड़कियों को चौदह वर्ष के बाद बाहर खेलना , बातें करना आदि से वंचित कर दिया जाता हैं। वही रंगों में भी लड़कियों के लिए गुलाबी रंग और बच्चों ( पुरुष ) के लिए नीले रंग का चुनाव किया जाता है ?यदि प्रतीकों के माध्यम से वस्तुओं की महानता का बंटवारा है, तो भेदभाव बनना लाजिमी है। आकाश नीला है, समुद्र नीला है यहाँ तक की पौरुष से भरे हुए देवताओं का रंग नीला है। आकाश अनंत है और समुद्र विशाल अतरंगों के चयन में विशालता और महानता के लिए इस रंग को चुन लिया गया जबकि इनका नीला दिखना एक रासायनिक क्रिया है। अतः सभ्यता की शुरुआत में ही पुरुष प्रधानता के लिए नीले का चयन किया गया न कि गुलाबी का । पिता ने समाज के विकास के साथ ही अपने रूप में भी परिवर्तन किया है। आज से साठ साल पहले के पिता समाज से इतना डरते थे कि अपने बच्चे को प्रेम करने पर भी उन्हें कई बातें सुना दी जाती थी। विशेष रूप से जवान हो रहे पुत्र और पुत्रियों में पुत्र पर दवाब इसलिए कि आगे चलकर उनकी संपत्ति को संभालने के काबिल बन सके, अगली पीढ़ी का वारिस बनकर लोगों पर वर्चस्व स्थापित कर सके।

# दक्षिण अफ्रीका में भी चुनावी जनादेश का इंतजार

**(विवेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार)**

जब भारत में चुनाव समापन की ओर बढ़ चला है, तब दक्षिण अफ्रीका में भी चुनाव पूरा होने वाला है। यहां 4 जून को नतीजे आएंगे और वहां 2 जून को। दक्षिण अफ्रीका में 30 साल पहले अमानवीय रंगभेद को खत्म करने में नेल्सन मंडेला की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की खास भूमिका थी। एएनसी तभी से सत्ता पर काबिज है। उसे वहां बसे हुए लगभग 16 लाख भारतवंशियों का भी साथ मिलता रहा है। वैसे, इस बार आशंका है कि 1994 के बाद पहली बार एएनसी बहुमत से दूर रह सकती है। वहां मिली-जुली सरकार बन सकती है। वर्तमान सरकार से वहां के भारतवंशी भी नाखुश हैं।



दक्षिण अफ्रीका में गोरों के शासन के अंत के बाद यह देश में सातवां आम चुनाव है। करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुन रहे हैं। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बताते चलें कि रामाफोसा 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप लगा था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की मुख्य वजह जुमा का कुशासन था। चूंकि जुमा गुप्ता ब्रदर्स के संरक्षक माने जाते थे, इस कारण 2021 में दक्षिण अफ्रीका में भारतवंशियों पर हमले भी हुए थे। जैकब जुमा की गिरफ्तारी के बाद वहां हालात बिगड़ गए थे। भारतीय मूल के नागरिकों को जोहानिसबर्ग और क्वाजुलु नटाल में निशाना बनाया गया था।

तभी से वहां के भारतवंशी अपनी सरकार से नाराज हैं। हालांकि, एक दौर में एएनसी के प्रति भारतवंशियों के मन में गहरा प्रेम था और इसकी बड़ी वजह नेल्सन मंडेला थे। वैसे, एएनसी को 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था, तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे। इस बार वोट में गिरावट की आशंका है।

आज दक्षिण अफ्रीका हत्या के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है; देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल होता है। बेरोजगारी, बिजली व जल संकट के स्थायी हल न खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। बहरहाल, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर एक गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन सत्ता में आ सकता है। वैसे डीए जरूरत पड़ने पर एएनसी के साथ भी जा सकता है और एएनसी भी डीए की मदद ले सकती है। एक अन्य दल इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) भी एएनसी के साथ खड़ा हो सकता है। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है, जिसका नेतृत्व जूलियस मालेमा कर रहे हैं।

भारतीय मूल के कुछ नेता भी वहां चुनाव मैदान में हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। डीएलसी ने भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। एस सिंह विपक्षी पार्टी डीए के प्रत्याशी हैं। भारतीय मूल के तीन प्रत्याशी- फसीहा हसन, मागेश्वरी गोवेंदर और शाएक इमरान सुब्रथी एएनसी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा भी कुछ भारतवंशी निर्दलीय भाग्य आजमा रहे हैं। भारतवंशियों के वहां ज्यादा संख्या में जीतने पर जाहिर है उनकी समस्याओं का समाधान होगा। दोनों देशों के बीच संबंध पुराना है और प्रगाढ़ता बढ़नी चाहिए। दोनों के बीच व्यापार भी 10 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। दोनों लोकतांत्रिक देशों में बेहतर सरकार और परस्पर संबंध विस्तार होना चाहिए, पर फिलहाल दोनों को चुनावी नतीजों का इंतजार है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## सच की ताकत

**(रेनू सैनी)**

तब बॉम्बे (मुंबई) ब्रिटिश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्र था। वहां रुस्तमजी सहराबजी मुदलियार का व्यापार और कानून का व्यवसाय था। बोलचाल में लोग उन्हें रुस्तमजी कहते थे। वह गांधीजी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वह अपना अधिकतर कार्य गांधीजी की सलाह से ही करते थे। उन दिनों कलकत्ता से उनका सामान आता था, पर वह इस पर चुंगी चुराते थे। यह बात उन्होंने गांधीजी से छिपाई हुई थी। संयोगवश एक बार चुंगी अधिकारियों ने उनकी यह चोरी पकड़ ली। अब उनके जेल जाने की नौबत आ गई। स्वयं को मुसीबत में देखकर वह दौड़े-दौड़े गांधीजी के पास गए और बोले, 'बापू, किसी तरह मुझे जेल जाने से बचा लीजिए। जो आप कहेंगे, मैं वही करूंगा।' गांधीजी को जब यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने रुस्तमजी को बुरी तरह फटकारा। वह बोले, 'अगर तुम वास्तव में मेरी सलाह मानना चाहते हो, तो अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वीकार कर लो। सच बोलने से तुम्हें जेल ही क्यों न हो जाए, पर तुम्हारी अंतरात्मा को संतुष्टि मिलेगी। सच बहुत बड़ी शक्ति है।' रुस्तमजी तुरंत चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और उनके समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया। अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से प्रसन्न हुए और बोले, 'यदि तुम चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि जमा करा देते हो तो तुम्हें छोड़ दिया जाएगा। लेकिन याद रखना कि तुम्हें तुम्हारे सच बोलने के कारण और इस शर्त पर छोड़ा जा रहा है कि भविष्य में तुम ऐसा कभी नहीं करोगे।' रुस्तमजी ने स्वीकार कर लिया। अब रुस्तमजी सच की शक्ति को पहचान चुके थे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5388

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ |
| ■ | | | ■ | 24 | | 25 | 26 |
| 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 11 जुलाई 2003 में यहां दोस्ती बस और दिल्ली से सदा-ए-सरहद का परिचालन हुआ, पाकिस्तान का यह शहर रावी नदी के किनारे बसा है (3)
4. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
7. कोई विलक्षण चीज देखने के लिए एकत्रित जमघट या जनसमूह (3)
8. हम शब्द का संबंध कारक रूप (3)
9. नाम का, नाम धारण करने वाला (3)
11. जूते सुधारने व बनाने वालों का एक औजार (2)
13. दयनीय दशा वाला, गरीब (2)
15. जिसका स्वामी हो, स्वामी सहित (3)
17. भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म, रनिवास, अंतपुर (3)
18. किसी कार्य का अपनी ओर से किया प्रारंभ (3)
19. अवसर की प्रतीक्षा, घात, आला (2)
20. अपवित्र, अशुद्ध (3)
22. स्वप्न, सपना (2)
24. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने जाने वाले तागे (4)
27. माता सरस्वती का एक नाम, दुर्गा (3)
28. समूह, गुट (2)

**ऊपर से नीचे**

1. युद्ध के लिए सेना की तैयारी (4)
2. पानी का कुंड जो प्रायः बाग-बगीचे में होता है (2)
3. रमण करवाना, अनुरक्त बनाना (3)
4. पथभ्रष्ट होना, भुलावे में आना (4)
5. पार्वती या लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
6. गर-गर शब्द करते हुए कुल्ला करना (3)
10. रगड़ते हुए इधर-उधर मलना, उमेठना (3)
12. यह वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देता है (3)
14. जिसने नमक खाया हो, मुलाजिम (5)
16. हाथ से धीरे-धीरे ठोकना (4)
21. पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे सात लोकों में से यह लोक सातवां है (3)
23. जो भाग्य में लिखा हो, नियत (2)
25. उपरांत, पीछे, अनंतर (2)
26. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

### वर्ग पहेली 5387 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | त | न | श | र्मा | ■ | य | ■ |
| ता | न | ■ | मी | ■ | क | या | स |
| व | ■ | क | म | ला | प | ति | ■ |
| नी | म | न | ■ | ल | ट | ■ | मौ |
| ■ | ता | क | ना | ■ | वे | य | न |
| गा | धि | ■ | ■ | रो | श | न | ■ |
| य | का | र | ■ | जा | ■ | प | र |
| क | र | ब | ढ | ■ | ना | ति | न |

# लाहौर समझौते का उल्लंघन पाकिस्तान की गलती

**(उत्कर्ष गहरवार)**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की यह स्वीकारोक्ति कई लिहाज से चौंकाने वाली है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच हुए लाहौर समझौते के उल्लंघन की गलती उनके देश ने की थी। ध्यान रहे, उन्होंने यह बयान ऐसे समय दिया है, जब लंबे राजनीतिक निर्वासन के बाद वह फिर से पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष चुने गए हैं।

**लाहौर समझौते की याद:** नवाज शरीफ का लाहौर समझौते को याद करना इस मायने में भी अहम है कि दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से यह एक शानदार मौका था, जो गंवा दिया गया। 1999 में हुए इस समझौते में दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता की बात की गई थी। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद पाकिस्तानी सेना ने करगिल में चोरी-छुपे घुसपैठ शुरू कर दी, जिसका अंजाम सीमित युद्ध के रूप में सामने आया।

**इकलौती घटना नहीं:** पाकिस्तान इस युद्ध के लिए भारत पर दोष मढ़ता आया है। हालांकि सच सबको पहले से पता है, लेकिन पहली बार पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार किया है। हालांकि पाकिस्तान में भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की निर्वाचित सरकार की कोशिशों को सेना द्वारा नाकाम करने की यह कोई इकलौती घटना नहीं है।

**सेना का वर्चस्व:** पाकिस्तान के साथ दिक्कत ही यह रही है कि सेना, आईएसआई और आतंकवादी तत्वों पर वहां की सरकार का कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रहता। सेना पर्दे के पीछे से सियासत को कंट्रोल करती है। इसके सबूत फौज द्वारा सत्ता हथियाए जाने की घटनाओं में ही नहीं परदे के पीछे से सरकारें बदलने के उसके खेल में भी दिखते हैं।

**अच्छे रिश्तों की शर्त:** 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने की कम कोशिश नहीं की। नवाज शरीफ से उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी थी। लेकिन भारत ने साफ कर दिया था कि आतंकवादी तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना अच्छे संबंधों की अनिवार्य शर्त है। पाकिस्तान सरकार यह शर्त पूरी नहीं कर सकी और सीमा पार से पठानकोट और पुलवामा जैसी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा। ऐसे में रिश्ते बेहतरी की ओर नहीं जा सकते थे, नहीं गए।

### नई शुरुआत का सवाल

जहां नवाज शरीफ ने सात साल के बाद सत्तारूढ़ पार्टी प्रमुख का पद औपचारिक तौर पर हासिल किया है, वहीं भारत में भी चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार गठित होने वाली है। चूंकि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते, इसलिए नवाज शरीफ के इस बयान को एक नए अवसर के रूप में लेते हुए संबंधों को एक मौका और देना कोई बुरा आइडिया नहीं है, लेकिन उससे पहले पाकिस्तान को अपनी इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए आतंकी तत्वों पर लगाम लगाने की दिशा में कई कदम उठाने होंगे।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज जरूरी काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है। आज व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा और कुछ नए आइडिया पर भी आप काम करेंगे। आज विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा और मौज मस्ती करने में दिन बीतेगा।

**वृषभ**

आज का दिन संतोष और शांति से बिताने का है। भाग्?य आपका साथ देगा और आपकी कार्य योजनाएं सफल होंगी। कहीं से कोई अच्?छी खबर आपके कानों तक पहुंच सकती है। किसी बहुप्रतिक्षित शुभ परिणाम के आने से हर्ष होगा।

**तुला**

आज का दिन मिलाजुला प्रभाव दिखाने वाला होगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें,वरना आपको नुकसान हो सकता है। व्यक्तिगत मतभेद को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक**

आज आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं।

**मिथुन**

आज आपके सभी कार्य सरलता से बन जाएंगे। हालांकि दिन थोड़ा व्यस्तता में बीतेगा। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले उसके सारे वैधानिक दस्तावेजों को अच्छी तरह से देख लें।

**कर्क**

आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्?त होगी। पराक्रम में वृद्धि से आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और आपके शत्रु भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। बच्चे खेल कूद में मग्न रहेंगे। आप परिवार के लोगों के साथ वक्त बिताएंगे।

**धनु**

भाग्य आज आपका साथ देगा। आपके विरोधी परास्त होंगे और आपके जीवन में रूठना मनाना चलता रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी आपको मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। रुपये पैसे के मामले में सावधानी बरतें, किसी के मामले में बीच में न बोलें तो आपके लिए अच्छा है।

**मकर**

आज आपको उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ होने से आपको हर्ष होगा और किस्?मत आपका साथ देगी। आपको रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी। आज किसी मामले में आपको अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह**

आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा और आपके जीवन में सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके भाग्?य विकास में आपकी किस्?मत साथ देगी। भाग्य विकास के अच्?छे योग आपके लिए बन रहे हैं।

**कन्या**

आज का दिन परेशानी और चिंता से भरा होगा। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। आपको अपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम लेना होगा। आपके घर में भी काफी अच्?छा माहौल रहेगा।

**कुंभ**

आज आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपको संतान पक्ष की ओर से बड़ी मात्रा में धन प्राप्?त हो सकता है। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार से आपको हर क्षेत्र में सफलता प्राप्?त होगी। आज भी आपको लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे।

**मीन**

आज करियर में लाभ होगा और आपके भाग्?य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता और उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी में पूजा के अधिकार पर एक और मुकदमा

**वाराणसी, एजेंसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल की कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी पर एक नया वाद दाखिल किया गया है। कोर्ट ने इसे मूलवाद के रूप में दर्ज कर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन जुलाई को लिखित कथन दाखिल करने और सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तिथि नियत की है। बाद में वाद को अगली सुनवाई के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन (चतुर्थ) की कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। केस में अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और काशी विश्वनाथ मंदिर बोर्ड ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है। प्रतापगढ़ निवासी पत्रकार सौरभ सिंह सोमवंशी, कौशांबी के सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता राणा प्रताप सिंह व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट रीना एन. सिंह ने अधिवक्ता आरके सिंह के माध्यम से कोर्ट में वाद दाखिल किया है। कहा है कि ज्ञानवापी तीर्थस्थल है। यहां से कभी गंगा बहती थी, जिसका अस्तित्व एक कुएं के रूप में आज भी विद्यमान है। यह ज्ञानवापी परिसर के अंदर है। इसका वर्णन स्कंद पुराण में है। आदिविश्वेश्वर, नंदी महाराज अन्य देवी देवताओं को उनसे अलग किया गया। साथ ही भगवान के भक्तों से दूर रखा जा रहा है। सर्वे में सारे प्रमाण आ गये हैं। ज्ञानवापी परिक्षेत्र से मस्जिद को हटाकर हिंदुओं को सौंपा जाए। मुस्लिम कब्जे से मुक्त कराया जाए। ताकि भगवान की पूजा-पाठ, राग-भोग और आरती सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

### जनसुनवाई के दौरान बिगड़ी मंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। जनसुनवाई के दौरान



गृहराज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की तबीयत बिगड़ गई। शहर के एक निजी होटल में शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान अचानक गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत खराब हो गई। तुरंत मौके पर ही चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने स्वास्थ्य जांच की तो पता चला कि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह का तेज गर्मी और लगातार व्यस्तता के चलते ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में चिकित्सक ने मंत्री को आराम करने की सलाह दी है। दरअसल में शुक्रवार दोपहर को शहर के सारस चौराहा स्थित एक निजी होटल में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद उन्होंने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का ब्लड प्रेशर चेक किया, जिससे पता चला कि मंत्री का बल्ड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में तुरंत उन्हें दवाई दी गई, जिसके बाद उनकी तबीयत सामान्य हुई। डॉ. गजेंद्र ने बताया कि लगातार दौरे, जनसुनवाई, गर्मी और थकान की वजह से बीपी बढ़ गया था. मंत्री को पहले से ही ब्लड प्रेशर की समस्या थी। फिलहाल उनकी हालत ठीक है। डॉक्टर ने उन्हें ज्यादा भागा-दौड़ी नहीं करने और आराम करने की सलाह दी है। स्वास्थ्य खराब होने से पहले गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। अधिकतर लोग बिजली, पानी, सिंचाई और सड़क से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फोन पर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान हो जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में तेजी से चढ़ रहा पारा, 47 डिग्री पार हुआ तापमान, सुबह से ही चल रही गर्म हवाएं, अब तक 4 की मौत

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी और सूरज की तपिश से गर्म हवाएं चल रही है। इसका असर यह हो रहा है कि सुबह के नौ बजे ही पारा चढ़ने लगा है। मई महीना जाते-जाते सुबह नौ बजे मैक्सिमम टेंप्रेचर 37 डिग्री दर्ज किया गया। यह तापमान बीते 29 मई का था। ऐसे में सुबह नौ बजे ही घर से बाहर निकलने पर तेज धूप जलाने लग रही है। इसके अलावा दिन चढ़ने पर 11 बजे टेंप्रेचर 40.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम को लेकर जानकारों का मानना है कि 15-20 साल पहले जो तापमान सुबह के 11 बजे होता था वह अब नौ बजे होने लगा है। बदलते मौसम को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का पैटर्न बदल दिया है। हमारी रोजमर्रा की आदतें, पराली जलाने, दुनिया में चल रहे युद्ध, व्हीकल्स, एयरकंडीशन, ग्रीन हाउस गैसेस का बढ़ना और प्री मानसून एक्टिविटी का कम होना ग्लोबल वार्मिंग के रीजन हैं। ग्रीन हाउसेज गैसों के बढ़ने से एक्सट्रीम वेदर कंडीशन पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में मौसम को लेकर बात करें तो, छत्तीसगढ़ में बीते 3-4 दिनों से पारा 47 डिग्री पहुंच रहा है।

### शरद गुट के विधायक कांग्रेस से विलय के लिए कर रहे संपर्क, दावे से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**मुंबई, एजेंसी।** अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्टवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद सुनील तटकरे ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि एनसीपी (शरद पवार गुट) के कुछ विधायक विलय के लिए कांग्रेस से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में तटकरे ने कहा कि शरद पवार नीत गुट के 5-6 विधायक कांग्रेस नेतृत्व से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह समूह कांग्रेस में विलय करना चाहता है। सुनील तटकरे का यह दावा शरद पवार के उस बयान की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि समान विचारधारा वाले छोटे दल कांग्रेस के करीब आ रहे हैं या फिर लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में विलय पर विचार कर रहे हैं।

# दिल्ली में जलसंकट के लिए हरियाणा को जिम्मेदार बताने के केजरीवाल के बयान पर नायब सरकार के मंत्रियों ने घेरा, दिया करारा जवाब

**चंडीगढ़, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में जल संकट के लिए हरियाणा सरकार को जिम्मेदार बताने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की ओर से मोर्चा संभालते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, सिंचाई मंत्री अभय यादव, पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा, परिवहन मंत्री असीम गोयल और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने आंकड़ों के साथ केजरीवाल सरकार को आईना दिखाया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का आरोप है कि इस साल मई से ही हरियाणा ने यमुना में दिल्ली के हिस्से का पानी रोक दिया। इसके कारण जलस्तर घट गया है।



**कृषि मंत्री बोले, दिल्ली में पानी की व्यवस्था सुधारें :** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने केजरीवाल को दिल्ली में पानी की व्यवस्था सुधारने की नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहले ही 350 क्यूसिक पानी ज्यादा दे रहा है। दिल्ली सरकार पानी किल्लत को लेकर ड्रामेबाजी कर रही है।

**दिल्ली को 1049 क्यूसिक पानी दे रहा हरियाणा: सिंचाई राज्यमंत्री :** सिंचाई राज्यमंत्री अभय यादव ने कहा कि दिल्ली का अधिकार 719 क्यूसिक पानी का है, जबकि हरियाणा उसे 1049 क्यूसिक पानी दे रहा है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की है, उसका हरियाणा तथ्यों के साथ जवाब देगा। अभय यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय मुद्दों का राजनीतिकरण किया जाता है। जिस तरह हरियाणा अपने संसाधनों से पानी का प्रबंधन करता है, उसी तरह दिल्ली भी अपना प्रबंधन ठीक करे। पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ने दावा किया कि दिल्ली का पानी माफिया जनता तक पानी पहुंचने नहीं दे रहा है। दिल्ली में तस्करों को पता है कि सबसे ज्यादा कमाई पानी से होती है। दिल्ली को हरियाणा पर आरोप लगाने की बजाय यह पता लगाना चाहिए कि दिल्ली का पानी कहां जा रहा है। कौन पानी चोर हैं, जो पानी की तस्करी करते हैं।

**एसवाईएल का पानी पंजाब से दिलाएं केजरीवाल : भाजपा :** भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव ने कहा कि दिल्ली सी.एम. अरविंद केजरीवाल सिर्फ ड्रामा करते हैं वे सिर्फ हरियाणा पर कम पानी देने के आरोप लगाते हैं। पानी प्रकृति की देन है, जो पीछे से पानी आता है, वही दिया जाता है, हरियाणा पानी नहीं बनाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पर नरवाना ब्रांच के रखरखाव के 204 करोड़ रुपए हरियाणा के बकाया है, जो उसने अभी तक नहीं दिए हैं। केजरीवाल अगर हरियाणा से पानी मांगते हैं, तो राजीव लोंगोवाल समझौते के तहत हरियाणा को पंजाब से भी पानी दिलवाएं। एस.वाई.एल. का का पानी दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़-रेवाड़ी और भिवानी का हक है, केजरीवाल उसे पंजाब से दिलवाएं। केजरीवाल को आंकड़ों के हिसाब से स्थिति साफ करनी चाहिए। पहले दिल्ली को कितना पानी मिलता था, अब दिल्ली को कितना पानी मिलता है। पानी की निगरानी के लिए दिल्ली और हरियाणा के अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी है, जो हर घंटे पानी का डाटा एकत्रित करती है। उन्होंने कहा कि आरोप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगा रहे हैं, जबकि दिल्ली के अधिकारी कुछ नहीं बोल रहे। केजरीवाल अपनी गलतियों को छिपाने का काम कर रहे हैं, जो छिप नहीं रही है।

**पानी के लिए हुई अव्यवस्था के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : सुशील गुप्ता :** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को बयान जारी कर प्रदेश में पानी की किल्लत को लेकर हरियाणा सरकार को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज पूरे हरियाणा में पानी के लिए मारामारी हो रही है। इस मिस मैनेजमैंट के लिए सीधे तौर पर हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। हरियाणा के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही। तापमान 50 डिग्री पहुंचने के बावजूद हरियाणा सरकार ने पानी के इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कोई कदम नहीं उठाए है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की गलती का खामियाजा जनता भुगत रही है। दिल्ली में पानी की भरपूर कमी है और चारों तरफ से पानी रुक गया है। इसके बावजूद भी आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार मैनेजमैंट कर रही है। दिल्ली सरकार समर एक्शन प्लान लेकर पानी पहुंचाने का काम कर रही है। जिसके तहत पानी का इस्तेमाल कैसे करें, पानी का डिस्ट्रीब्यूशन कैसे करें। टैंकर माफिया को खत्म किया और पानी की वेस्टेज को कैसे खत्म किया। हरियाणा सरकार को भी दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार से सीखना चाहिए।

**जल शक्ति मंत्रालय ने मास कम्युनिकेशन इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की : नई दिल्ली , एजेंसी।** जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग (डीडब्ल्यूआर,आरडी,जीआर) ने मास कम्युनिकेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा की है। यह प्रोग्राम स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों या भारत में जनसंचार के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में नामांकित रिसर्च स्कॉलर विद्यार्थियों को इंटर्न के रूप में शामिल करना चाहता है। इंटर्नशिप कार्यक्रम चयनित उम्मीदवारों को मीडिया/सोशल मीडिया गतिविधियों से संबंधित विभाग के काम से जुड़ने के लिए अल्पकालिक अनुभव प्रदान करता है। जिन विद्यार्थियों ने मास कम्युनिकेशन या जर्नलिज्म या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है या जो विद्यार्थी किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से उपरोक्त क्षेत्रों में पीजी या डिप्लोमा कर रहे हैं, वे दिशानिर्देशों में उल्लिखित शर्तों के अधीन पात्र हैं।

## अमित शाह ने राजकोट अग्निकांड को लेकर की बैठक, कोर्ट ने 4 आरोपियों को 12 दिन की रिमांड पर भेजा

**राजकोट, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को छोटे से प्रवास पर राजकोट पहुंचे। यहां उन्होंने 'ट्रआरपी गेम जोन' अग्निकांड हादसे को लेकर नगरीय निकाय और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। अधिकारियों के साथ उनकी यह बैठक उनके सोमनाथ रवाना होने से पहले दोपहर को राजकोट के हवाई अड्डे पर हुई, इसके बाद वे वेरावल जिले के प्रभास पाटन में स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकल गए। इसी मामले में गुरुवार को गिरफ्तार 4 अधिकारियों को अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। बैठक के दौरान शाह ने भीषण आग से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। बैठक में राजकोट नगर निगम आयुक्त डी.पी. देसाई, पुलिस आयुक्त ब्रजेश कुमार झा और जिला कलेक्टर प्रभा जोशी शामिल हुए। यह बैठक लगभग 40 मिनट तक चली। 25 मई को हुए इस अग्निकांड में 27 लोगों की जान चली गई थी। उधर इसी हादसे को लेकर राजकोट क्राइम ब्रांच द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार किए गए नगर नियोजन अधिकारी मनसुख सागथिया, सहायक नगर नियोजन अधिकारी मुकेश मकवाना और गौतम जोशी तथा फायर स्टेशन अधिकारी रोहित विगोरा को शुक्रवार को राजकोट की एक अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। पुलिस जांच में अग्निकांड को लेकर राजकोट नगर निगम के इन चार अधिकारियों की जिम्मेदारी सामने आई है। जिसके बाद पुलिस में इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले, पुलिस ने बिना आवश्यक अनुमति के संचालित किए जा रहे टीआरपी गेम जोन के प्रबंधक और चार मालिकों को गिरफ्तार किया था। विशेष सरकारी वकील तुषार सवानी ने अदालत को बताया कि इन चारों अधिकारियों पर घोर लापरवारी के आरोप हैं, और उनके नाम मूल एफआईआर में जोड़े जाएंगे, जिसमें छह आरोपी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आईपीसी की धारा 36, जो आंशिक रूप से किसी कार्य और आंशिक रूप से चूक के कारण होने वाले अपराधों को संबोधित करती है, को आरोपों में जोड़ा जाएगा। सवानी ने अपनी दलील में कोर्ट को बताया कि 4 सितंबर 2023 को भी टीआरपी गेम जोन में वेल्डिंग की वजह से आग लगी थी। जबकि इस बार भी आग लगने की वजह गेम जोन में चल रहे वेल्डिंग के काम को ही माना जा रहा है।

## मंत्री आतिशी ने केंद्र को लिखा पत्र, यूपी-हरियाणा से दिल्ली को अतिरिक्त पानी दिलवाने की अपील की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के कई हिस्सों में जल संकट एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र शेखावत को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने यूपी-हरियाणा से दिल्ली को अतिरिक्त पानी दिलवाने की अपील की है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली वालों को हीट वेव में ज्यादा पानी की जरूरत है। हरियाणा से कम पानी आ रहा है। जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली सरकार ने सर्वोच्च अदालत में याचिका दाखिल की है। उन्होंने हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से मानी की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक महीने अतिरिक्त पानी दिया जाए। इससे पहले, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा था कि रिकॉर्ड तापमान के बीच हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से के पानी की कटौती कर रही है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने वजीराबाद जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया। अतिशी ने कहा, दिल्ली अपनी पूरी पानी की पूर्ति के लिए यमुना नदी पर निर्भर है।आज हम वजीराबाद प्लांट पर हैं। जो यमुना का पानी आता है उससे वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को यहां से पानी मिलता है।

# गर्मियों में करें तोरई, लौकी और टिंडा जैसी सब्जियां का सेवन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** गर्मियों में हेल्दी डाइट बेहद जरूरी होती है, क्योंकि इस मौसम में हेल्दी रहना काफी चैलेंजिंग होता है। गर्मी की वजह से डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि कुछ सब्जियों में ऐसे गुण होते हैं, जो आपको गर्मियों में ठंडक महसूस करा सकते हैं और जरूरी पोषक तत्व प्रदान कर सकते हैं।

विशेषज्ञ की मानें तो इस वक्त हीटवेव का दौर चल रहा है और लोगों को खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौसम में फल और सब्जियों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। इससे शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिल जाएंगे और बीमारियों का खतरा कम हो जाएगा। तोरई, लौकी और टिंडा जैसी सब्जियां पानी से भरपूर होती हैं और गर्मियों में इन्हें खाने से पानी की कमी नहीं होती है। ये सब्जियां पाचन तंत्र को मजबूत कर सकती हैं और शरीर के कूलिंग सिस्टम को बेहतर बनाए रख सकती हैं।लौकी, तोरई और टिंडा में कैलोरी की मात्रा बेहद कम होती है और पानी भरपूर होता है। इनमें विटामिन और मिनरल्स का भंडार होता है। गर्मियों में इनका सेवन करने से आपको वजन कम करने में मदद मिलती है और मोटापे से राहत मिल सकती है। ये सब्जियां पानी से भरपूर होने के कारण शरीर के हाइड्रेशन को दुरुस्त करने में कारगर साबित हो सकती हैं। अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी रहे हैं, तो वाटर रिच फूड्स का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें। इससे इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस भी बना रहेगा। लौकी, तोरई और टिंडा में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जिसकी वजह से इसे पाचन तंत्र के लिए भी बढ़िया माना जाता है। कब्ज की समस्या से परेशान लोगों को भरपूर मात्रा में ये सब्जियां खानी चाहिए। इससे पेट साफ रखने में मदद मिल सकेगी। बता दें कि अधिकतर



जगहों पर इस वक्त तापमान 45 डिग्री को पार कर गया है और लोग गर्मी से झुलस रहे हैं। इस मौसम में लोगों को पानी के अलावा कुछ अच्छा ही नहीं लग रहा है। गर्मी इतनी ज्यादा है कि कुछ खाने का भी मन नहीं करता है।

**यूपी में पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था, चेहरा देखकर ही खुलेंगे पंचायत के कम्प्यूटर : लखनउ, एजेंसी।** अब ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव के घर पर या उनके किसी अन्य ठिकाने पर पंचायतीराज विभाग के कम्प्यूटर काम नहीं करेंगे बल्कि यह कम्प्यूटर प्रत्येक ग्राम सचिवालय में ही संचालित होंगे। यह कम्प्यूटर तभी काम करेंगे जब ग्राम पंचायत सहायक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन करेंगे। यानि ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही कम्प्यूटर खुलेगा। इससे ग्राम सचिवालय में उनकी उपस्थिति भी सत्यापित होगी। बीती 24 मई को पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने यह पत्र सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को जारी किया है। इसमें निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत सहायक द्वारा अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेट-वे मोबाइल एप और पंचायत गेट-वे पोर्टल पुन इंस्टाल करें। इस आदेश के मुताबिक पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन किया जा सकेगा। पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से ही सभी भुगतान किये जा सकेंगे। पंचायतीराज विभाग के अफसरों का कहना है कि अब पंचायत सचिवालय में ही कम्प्यूटर संचालित होंगे।

# हिमाचल में कंगना, अनुराग ठाकुर, सुक्खू समेत कई दिग्गज नेताओं ने किया मतदान

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 4 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। हिमाचल में मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत,विक्रमादित्य सिंह,हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ,केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर समेत कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है। मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कहा, मेरी सभी से अपील है कि लोकतंत्र के महापर्व में वे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मोदी जी की लहर पूरे हिमाचल प्रदेश में है। पीएम मोदी ने इस बार करीब 200 रैलियां की हैं। उनका लोहा पूरा देश और प्रदेश मानता है। मुझे अवश्य यहां से आशीर्वाद मिलेगा... 400 पार में हिमाचल की भी 4 सीटें रहेंगी। केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा, मैंने मतदान कर दिया है। आप सभी भी जल्द से जल्द मतदान करके अपना योगदान दें। दुनिया उम्मीद भरी नजरों से भारत की तरफ





देख रही है। विकसित भारत बनाना है। हम सभी को अपना योगदान करना है। जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने वाला है। हम लोकसभा की सभी 4 सीटें जीतेंगे। हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में सभी 6 विधानसभा सीटें भी हम जीतने वाले हैं। कुछ राजनीतिक दलों ने चुनावी नतीजों से पहले ही हार मान ली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, ...जनता ने एक ही बात ध्यान में रखी है कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी। देश सुरक्षित है, देश मजबूत हाथों में है। मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चल रही है और देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं...कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में तुष्टीकरण की बात की। असल धर्मनिरपेक्ष मोदी जी हैं। जिन्होंने सभी योजनाएं दी और कभी नहीं कहा कि किसी धर्म को दिया और किसी धर्म को नहीं दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, आज बहुत अच्छा दिन है पूरे क्षेत्र से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। केवल विक्रमादित्य सिंह नहीं बल्कि पूरे मंडी क्षेत्र के 14 लाख लोगों की जीत होगी। मिलकर हम विकास कार्यों को आगे लेकर जाएंगे। मेरा निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने आएं।

## हीटवेव से हुई मौतों पर भजनलाल के दो मंत्रियों में टकराव, किरोड़ी लाल के दावे पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में हीटवेव से हुई मौतों के आंकड़ों पर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों में टकराव हो गया है। दोनों ही मंत्री एक-दूसरे की बात को काट रहे है। आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का कहना है कि हीटवेव से 12 लोगों की मौत हो गई है। इन सभी के लिए मुआवजा के ऐलान भी कर दिया है। जबकि स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का कहना है कि हीटवेव से सिर्फ 6 लोगों की मौत हुए है। बता दें राजस्थान में हीटवेव के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक 50 से ज्यादा लोगों की हीटवेव से मौत हो चुकी है। जबकि आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के मुताबिक 12 लोगों की मौत हुई जिनके लिए उन्होंने मुआवजे का ऐलान किया है।



**कांग्रेस ने भी उठाए सवाल :** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है। एसएमएस अस्पताल से चौंकाने वाली सूचना है, जहां हीट वेव से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं, हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में आ रहे हैं। लेकिन सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के अलग-अलग कारण बताकर 3 दिन के भीतर पोस्टमार्टम करके मामलों को निपटा रही है।

जबकि अज्ञात शव की शिनाख्त, पुलिस की कार्रवाई, परिवार को ढूंढने और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया में करीब 7 दिन लग जाते हैं। जिसके पश्चात डेड बॉडी को डिस्पोज किया जाता है। ये आंकड़े सिर्फ स्व्स अस्पताल के हैं, पूरे प्रदेश के हालात भयावह एवं चिंताजनक है। सरकार सिर्फ 5 लोगों की हीट वेव से मौत बता रही है।

# टाइप 2 डायबिटीज के मरीज हुए स्वस्थ, चीन के वैज्ञानिकों ने खोजा इलाज


**नई दिल्ली , एजेंसी।** चीन के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं की टीम की ने टाइप 2 डायबिटीज के साथ जी रहे मरीज को बिलकुल स्वस्थ कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक मरीज की उम्र 59 वर्ष है, जो 25 सालों से टाइप 2 डायबिटीज के साथ जी रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शंघाई चांगझेंग हॉस्पिटल, चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के तहत सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन मॉलिक्यूलर सेल साइंस और शंघाई स्थित रेनजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं की एक टीम की ने ये सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक अब मरीज की ग्यारह सप्ताह में बाहरी इंसुलिन पर निर्भरता खत्म हो गई है। मरीज ने धीरे-धीरे शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए दवाइयां लेना पूरी तरह बंद कर दिया है। शोध के प्रमुख रिसर्चर, यिन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि टैस्ट से पता चला है कि मरीज का पेनक्रियाटिक आइलेट फंक्शन पहले की तरह काम कर रहा है। मरीज 33 महीने से इंसुलिन से मुक्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह डायबिटीज के लिए सेल थेरेपी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति है।नई थेरेपी में मरीज की पेरीफेरल ब्लड मोनोन्यूक्लियर सेल की प्रोग्रामिंग शामिल है। शरीर की इन सेल्स को सीड सेल्स में बदल दिया गया। इसी के साथ आर्टिफिशियल वातावरण में पेनक्रियाटिक आइलेट टिश्यू को फिर से



बनाया गया। एससीएमपी रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए प्रयोग में शरीर की रिजेनरेटिव कैपेसिटी का यूज किया जाता है। इसे एक रीजेनरेटिव मेडिसिन के तौर पर जाना जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 59 वर्ष 2017 में मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था, लेकिन उनके अधिकांश पैंक्रियाटिक आईलेट ने काम करना बंद कर दिया था। पैंक्रियाज का काम ब्लड ग्लूकोज लेवल को कंट्रोल करने का होता है इस वजह से मरीज को हर दिन कई इंसुलिन इंजेक्शन पर निर्भर होना पड़ा था। मरीज को जुलाई 2021 में इनोवेटिव सेल ट्रांसप्लांट किया गया। ट्रांसप्लांट के ग्यारह हफ्ते बाद उन्हें बाहरी इंसुलिन की जरूरत नहीं पड़ी। ब्लड ग्लूकोज लेवल को कंट्रोल करने के लिए मौखिक दवा की खुराक धीरे-धीरे कम कर दी गई और एक साल बाद इसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया। ट्रांसप्लांट के बाद मरीज से फॉलो अप लिया गया, जिससे पता चला कि मरीज का पैंक्रियाटिक आइलेट फंक्शन प्रभावी ढंग से बहाल हो गया था। मरीज को अब 33 महीनों के लिए इंसुलिन से पूरी तरह छुटकारा मिल गया है। रिसर्चर्स की टीम का कहना है कि इस अध्ययन से डायबिटीज के लिए सेल थेरेपी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति होगी। डायबिटीज एक क्रोनिक कंडीशन है जो हमारे शरीर की ओर से भोजन को ऊर्जा में बदलने के तरीके पर असर डालता है। हम जो खाते हैं वह ग्लूकोज में टूट जाती है और ब्लडस्ट्रीम में में जाती है। ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत होती है जो पैंक्रियाज का काम है। जब किसी को भी डायबिटीज होती है तो ये प्रणाली हाइजैक हो जाती है, या तो शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता या जो भी इंसुलिन बनता है उसका प्रभावी ढंग से इस्तेमाल नहीं कर पाता है।




# यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित, फैंस को हाथ लगी निराशा



**लंदन, एजेंसी।** आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है।

माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।


टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आना की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें।

माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं।

आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं। बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में क्रिकेट खेलने को मिलेगी: कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां क्रिकेट की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोहली ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास मुंबई द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम अमेरिका में किसी भी रूप में क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन अब यह हकीकत है। यह आपको दुनिया में खेल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताता है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए काफी इच्छुक है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत करने का एक आदर्श तरीका है, इसलिए मुझे लगता है कि इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में अमेरिका की मास्टर लीग में लिस्ट ए का दर्जा दिया था।

इसके बाद अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। 2023 में हुए एमएलसी के पहले सीजन ने अमेरिकी क्रिकेट देखने के लिए मैदान में भी पहुंचे। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में खचाखच भरे स्टेडियम देखे गए। अब एमएलसी के दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है जिसमें क्रिकेट के पावरहाउस देश हिस्सा लेते नजर आएंगे। कोहली ने एमएलसी के प्रभाव और प्रशंसकों के बीच क्रिकेट में रुचि जगाने की इसकी क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में एक तरह का डोमिनोज़ प्रभाव शुरू हुआ और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय तक जारी रहेगा। जैसा कि मैंने कहा, हमारे पास राज्यों में खेल को जीवित रखने और दूसरों को अधिक जागरूक बनाने के लिए हमारे क्षेत्रों से पर्याप्त लोग हैं। मुझे लगता है कि वहां एमएलसी में भी काफी संभावनाएं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### क्रिस वोक्स ने क्रिकेट से दूरी बनाने पर कहा, यह जीवन का सबसे मुश्किल क्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वरिकशायर के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स इन दिनों क्रिकेट से दूर हैं। अपनी अनुपस्थिति के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की मृत्यु से काफी दुखी हैं। क्रिस वोक्स के पिता का निधन मई की शुरुआत में हो गया था।

इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछ्ला महीना उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय रहा, जिसके कारण उन्हें क्रिकेट से भी ब्रेक लेना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिकेट सेटअप में सभी प्रारूपों में 200 से अधिक मैच खेलने वाले वोक्स इस सीजन में वरिकशायर का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए भी उन्होंने नहीं खेलने का फैसला किया। टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में भी वोक्स का नाम नहीं है, ऐसे में उनका ब्रेक और लंबा हो सकता है।

एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट में क्रिस वोक्स ने बताया कि वे इस दुख के समय में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। क्रिस वोक्स ने लिखा, पिछ्ला महीना मेरे जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण महीना रहा है। दुर्भाग्य से, मेरे पिताजी का मई की शुरुआत में निधन हो गया। वोक्स ने इस मुश्किल दौर में अपने परिवार के साथ समय बिताने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, हम सभी स्पष्ट रूप से शोक मना रहे हैं और निस्संदेह अपने जीवन के सबसे कठिन क्षणों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं। वोक्स ने कहा कि वह सही समय पर क्रिकेट में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप: 2024

# भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर न्यूयॉर्क में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, छावनी में बदला नासाउ स्टेडियम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** आईएसआईएस ने जो धमकी दी थी, उसमें खतरा लोन वुल्फ अटैक को लेकर डराया था। लोन वुल्फ आतंकवादी संगठनों से जुड़े सदस्य हैं जो संगठनों से इजाजत लेकर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना अधिक कठिन हो जाता है। आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए न्यूयॉर्क की नासाउ काउंटी में नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था होगी। दरअसल, आईएसआईएस के एक आतंकी संगठन ने भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर धमकी दी थी। आईएसआईएस-के ने वीडियो जारी करते हुए लोन वुल्फ अटैक की धमकी दी थी। नासाउ काउंटी के स्टेडियम में टूर्नामेंट के आठ मैच खेले जाएंगे जिसमें भारत के तीन मैच भी शामिल हैं। भारतीय टीम एक जून को यहां बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेलेगी।



## न्यूयॉर्क की गवर्नर ने क्या कहा?

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस को दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है। कैथी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, विश्व कप की तैयारी में मेरी टीम संघीय और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है जिससे कि उपस्थित लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, मैंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है और हम निगरानी जारी रखेंगे।

## 1. आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी

सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यूयॉर्क के अधिकारी विश्व कप के खिलाफ इस साल की शुरुआत में आतंकवादी समूह आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी के बाद सुरक्षा को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। एक महीने पहले अप्रेल में आंतकी संगठन आइएसआइएस ने विश्व कप के दौरान हमले की धमकी दी थी।

नासाउ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने बुधवार को कहा कि इस टूर्नामेंट को लेकर अप्रैल में भी आईएसआईएस-के से जुड़ी धमकी मिली थी। हालांकि, इस बार खतरा लोन वुल्फ का है। लोन वुल्फ आतंकवादी संगठनों से जुड़े सदस्य हैं जो संगठनों से इजाजत लेकर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना अधिक कठिन हो जाता है।

## 2. अमेरिका में गन प्रवृति से खतरा

अमेरिका में आम लोगों के पास भी गन है। इस कारण इस देश में अकसर सार्वजनिक जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं आम बात हैं। पुलिस को डर है कि कही विश्व कप मैच के दौरान और खासतौर पर भारत-पाकिस्तान मैच में इस तरह की घटना हो सकती है।

## भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर धमकियां

रिपोर्ट में कहा गया है, इसके बाद नौ जून को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर और अधिक विशिष्ट धमकियां दी गईं और ऑनलाइन प्रसारित होने वाले एक वायरल वीडियो का संदर्भ दिया गया जिसमें 'अकेले भेड़िये को कार्रवाई करने' के लिए कहा गया है। राइडर ने रिपोर्ट में कहा, मैं आपको इसकी गारंटी दे सकता हूं।

यह इस काउंटी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, और मैं आपको यह भी गारंटी दे सकता हूं कि नौ जून को नासाउ काउंटी में सबसे सुरक्षित जगह स्टेडियम के अंदर होगी।

## छावनी में तब्दील नासाउ स्टेडियम

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में तो यह तक भी कहा जा रहा है कि नौ जून को मैच के दिन इस स्टेडियम में करीब 3500 पुलिसकर्मा मौजूद होंगे। 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में 3500 पुलिसकर्मियों का होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है।

अमेरिका में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध खेल अमेरिकन फुटबॉल, बेसबॉल और बास्केटबॉल में भी कभी इतनी सिक्योरिटी नहीं लगाई गई है। इसके अलावा मैदान के अंदर दर्शकों की जांच के लिए स्क्रीनिंग मशीनें होंगी। साथ ही उन पर नजर रखने के लिए डॉग स्क्वॉड भी लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं हेलीकॉप्टर से भी स्टेडियम पर नजर रखी जाएगी। साथ ही कई वॉच टावर भी बनाए गए हैं। आइजहावर पार्क स्थित इस स्टेडियम को लेकर पुलिस एक्शन में है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस आइजनहावर पार्क को दो जून से अपने कब्जे में ले लेगी ताकि किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाया जा सके। इस मैदान पर पहला मैच तीन जून को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।

## भारत न्यूयॉर्क में तीन मैच खेलेगा

रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। उसके बाद नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा।

भारत को 12 जून को मेजबान अमेरिका का सामना करना है। इस प्रतियोगिता पर आतंकी खतरे का खुलासा सबसे पहले त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोली ने किया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रतियोगिता के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत सुरक्षा घेरा बनाया गया है।

## आईसीसी ने क्या कहा था?

आईसीसी ने कहा था, टूर्नामेंट में सभी की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हमारे पास एक व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना है। हम अपने मेजबान देशों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं और वैश्विक परिदृश्य की निरंतर निगरानी और मूल्यांकन करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी प्रतियोगिता के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए उचित योजनाएं बनाई गई हैं।

### रोहित अकेले दम पर विरोधी टीम से मैच छीन सकते हैं: शाकिब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि रोहित ऐसे बल्लेबाज हैं, जो अकेले ही पूरा मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। भारत और बांग्लादेश शनिवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक दूसरे से भिड़ेंगे। इस बीच स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शाकिब ने कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ साल जिस तरह से रोहित शर्मा ने भारतीय टीम की कमान संभाली है, वह शानदार है।

टीम में एक लीडर के तौर पर उनकी छवि बहुत अच्छी है और सभी खिलाड़ी उनका सम्मान करते हैं। रोहित एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अकेले ही किसी भी मैच को विरोधी टीम से दूर और अपने पक्ष में ले जाने का दम रखते हैं। दूसरी तरफ स्टेडियम का दौरा करने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले यूएस की कंडीशन को समझना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, यह मैदान, पिच और इस तरह की चीजों को महसूस करने की लय में आने के बारे में है। सलामी बल्लेबाज स्टेडियम में प्रशंसकों को देखने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिका, वेस्टइंडीज के साथ मिलकर अपना पहला क्रिकेट विश्व कप आयोजित कर रहा है। रोहित ने कहा, न्यूयॉर्क में लोग विश्व कप देखने के लिए बेताब होंगे, क्योंकि विश्व कप पहली बार यहां हो रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि सभी टीमों के सभी प्रशंसक काफी उत्साहित हैं और इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं।

साथ ही खिलाड़ी भी टूर्नामेंट शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शनिवार को होने वाले अभ्यास मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अमेरिका में नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श की फिटनेस पर सस्पेंस, ओमान के खिलाफ नहीं करेंगे गेंदबाजी

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से उन्हें फिट बताया जा रहा है लेकिन वह ओमान के खिलाफ बतौर ऑलराउंडर नहीं बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।



भारत में आईपीएल खेलने के दौरान मार्श अप्रैल में हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। टी20 विश्व कप 2024 के आगाज से पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में हुए दो अभ्यास मुकाबलों में वह फिर से मैदान पर लौटे।

दोनों ही मैचों में उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि मार्श 6 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगे, लेकिन केवल बल्लेबाज के रूप में। गेंदबाजी में उनकी वापसी अभी भी अनिश्चित है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने एंड्रयू मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, मिचेल के लिए, (वार्म-अप मैच) उनके शरीर की स्थिति को परखने के बारे में थे। उन्होंने अधिक ओवर फील्डिंग की, वह अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ पाए, इसलिए उन्होंने वहां थोड़ा आत्मविश्वास हासिल किया।

ऐसा लग रहा है कि वह पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, दूसरा भाग तब होगा जब गेंदबाजी फिर से शुरू होगी...यह पहला गेम नहीं होगा। मार्श ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए आरोन फिंच की जगह ली।

## किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद, फूट-फूटकर रोए क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाली सुपरस्टार का व्यक्तिगत तौर पर शानदार सीजन था, लेकिन उन्होंने इसे ट्रॉफी रहित समाप्त किया।

इससे ही वह दुखी हो गए और इतने संघर्ष के बाद ट्रॉफी नहीं जीत पाने से उनकी आंखों में आंसू आ गए। सऊदी अरब की फुटबॉल लीग में अल नस्त्र से खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किंग्स कप फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद फूट-फूटकर रोने लगे। मैच का परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बाद रोनाल्डो मैदान पर लेट गए और रोने लगे। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद अल हिलाल ने अल नस्त्र को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। अल हिलाल के गोलकीपर गोलकीपर यासीन बूनो ने दो सेव किए और अल हिलाल की जीत के हीरो रहे।

## पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट को मिली खुशखबरी, खेल मंत्रालय ने वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा की भी यह मांग मानी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार 31 मई 2024 को कॉमनवेल्थ और एशियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान विनेश फोगाट और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की मांगों को अपनी मंजूरी दे दी। विनेश फोगट ने खेल मंत्रालय से हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले प्रशिक्षण शिविर में अपने निजी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच वेन लोम्बार्ड को शामिल करने का अनुरोध किया था।

खेल मंत्रालय ने पेरिस खेलों की तैयारी के लिए कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह के साथ 60 दिन के लिए यूरोप में प्रशिक्षण लेने की वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा के योजना को भी मंजूरी दे दी। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेने वाली विनेश फोगाट ने लोम्बार्ड के हवाई किराये, वीजा शुल्क, भोजन, आवास तथा हंगरी में स्थानीय परिवहन के लिए मदद का अनुरोध किया था।

विनेश फोगाट बुडापेस्ट में 6 से 9 जून तक होने वाली यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग 2ठ्ठस्र रैंकिंग सीरीज (पोलाक इमरे एवं वर्गा जानोस मेमोरियल टूर्नामेंट) में हिस्सा लेंगी। एमओसी ने विनेश फोगाट के मैड्रिड में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरा चोपड़ा 29 मई से 18 जून तक कुओर्टेन (फिनलैंड) में प्रशिक्षण लेंगे। उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह भी होंगे। जैवलिन थ्रोअर (भाला फेंक खिलाड़ी) नीरज चोपड़ा 19 जून से 7 जुलाई तक जर्मनी के सारब्रुकेन में पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी करेंगे। इसके बाद 26 साल का यह खिलाड़ी 8 जुलाई से तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में होंगे।




# गायत्री-त्रिशा की जोड़ी सिंगापुर ओपन से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-4 जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिडा ने भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया। भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी सिंगापुर ओपन से बाहर हो गई है।

सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिडा ने 47 मिनट चले इस मैच में भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया है। भारत के सात्विक-चिराग, पीवी सिंधु और एचएस प्रणय पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

## लगातार गेम में हारी भारतीय जोड़ी

जापान और भारत के बीच हुए विमेंस डबल्स के सेमीफाइनल में पहला गेम काफी रोमांचक रहा। दोनों ही जोड़ी एक पॉइंट्स से ज्यादा की लीड नहीं ले पा रही थीं। जापान ने तीन बार मैच पॉइंट्स का मौका गंवाया। हालांकि, भारतीय जोड़ी की गलती के कारण मात्सुयामा और शिडा गेम जीतने में कामयाब रहीं। दूसरे गेम में भारतीय टीम दबाव में नजर आई। शुरुआती 2 पॉइंट्स के बाद टीम पिछड़ती चली गई। गायत्री और त्रिशा को दूसरे गेम में 21-11 से हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

भारत की त्रिशा और गायत्री का यह इस सीजन का पहला सेमीफाइनल था। उन्होंने राउंड -16 में वर्ल्ड नंबर-2 साउथ कोरिया की बेक हा ना और ली सो ही को तीन गेम 21-9, 14-21, 21-15 से हराया था। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-6 साउथ कोरिया जोड़ी किम यिओंग और कॉन्ग यॉन्ग को 21-18, 21-9, 24-23 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले दोनों साल 2023 के ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। टीम ने तीसरे नंबर पर फिनिश किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस और यूक्रेन ने युद्ध के बंदी सैनिकों एवं आम नागरिकों की अदला-बदली की, खुशी से चिल्लाए रिहा लोग



**मास्को, एजेंसी।** यूक्रेन और रूस ने युद्ध में बंदी बनाए गए एक दूसरे के 75-75 सैनिकों की शुक्रवार को अदला-बदली की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच पिछले तीन महीनों में पहली बार युद्धबंदियों (पीओडब्ल्यू) की अदला-बदली की गई है। यूक्रेन के चार आम नागरिकों सहित युद्धबंदियों को कई बस से उत्तरी सुमी क्षेत्र में पहुंचाया गया। बस से उतरते ही वे खुशी से चिल्लाने लगे और उन्होंने अपने परिजनों को फोन करके अपने स्वदेश लौटने की जानकारी दी। कुछ लोग घुटनों के बल बैठ कर जमीन को चूमने लगे जबकि कई लोगों ने अपने आप को पीले-नीले झंडों में लपेट कर एक-दूसरे को गले लगाया और फूट-फूट कर रोने लगे। अधिकारियों ने बताया कि युद्धबंदियों की अदला-बदली से कुछ समय पहले इसी स्थान पर दोनों पक्षों ने सैनिकों के शव भी एक-दूसरे को सौंपे थे। इस वर्ष में चौथी बार और फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से 52वीं बार युद्ध बंदियों की अदला-बदली की गई है। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि इस हालिया अदला-बदली में उसने मदद की है। 'यूक्रेन क्रॉडिनेशन हेड्क्वॉर्टर फॉर ट्रीटमेंट ऑफ पीओडब्ल्यू के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के कुल 3,210 सैन्यकर्मी और आम नागरिक देश लौट चुके हैं।

### अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारिया रॉबिन्सन का निधन



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ 'व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी। रॉबिन्सन के पति का निधन पहले हो चुका है। रॉबिन्सन जीवनभर शिकागो में रही और 2009 में अपनी नातिन मालिया तथा साशा की देखभाल करने के लिए व्हाइट हाउस आयी थीं। उनका जन्म 30 जुलाई 1937 को शिकागो में हुआ था। उन्होंने 1960 में शादी की और अपने बच्चों की शिक्षा को काफी महत्व दिया।

### छोटा सा जीव मार सकता है 26 स्वस्थ लोगों को



**लंदन , एजेंसी।** आज हम एक ऐसे ही जीव की बात करेंगे, जो देखने में खूबसूरत है, छोटा सा है लेकिन इसका ज़हर साइनाइड से भी तेज़ है। अगर आप सांप को सबसे ज़हरीला मानते हैं, तो चलिए आज आपको एक ऐसे छोटे से जीव के बारे में बताते हैं, जो अपने आपमें इतना ज़हर समेटे है कि 26 स्वस्थ लोगों को मार सकता है। ऑक्टोपस के बारे में तो हम सभी जानते हैं लेकिन ब्लू रिंग्ड ऑक्टोपस इसकी ऐसी प्रजाति है, जिसके ज़हर से एक इंसान 20 मिनट के अंदर इस दुनिया से विदा हो सकता है। इस जीव का एक वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है, जिसमें उसे चमकदार नीले रंग के रिंग्स के साथ समुद्र में तैरते देखा जा सकता है। लेविस पुग फाउंडेशन की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये वीडियो शेयर किया गया है। इसके कैप्शन में बताया गया है कि इस ऑक्टोपस के ज़हर से इंसान 20 मिनट के अंदर मर सकता है। हालांकि ये अपना ज़हर सिर्फ आत्मरक्षा में ही छोड़ता है। आमतौर पर ये केकड़े जैसे समुद्री जीवों को खाता है। नीले घेरे वाले इस ऑक्टोपस के जहर में टेट्रोडोटॉक्सिन पाया जाता है, जो एक शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिन है। ये इंसानों के शरीर के लिए साइनाइड की तुलना में एक हजार गुना ज्यादा पावरफुल होता है। टेट्रोडोटॉक्सिन पहली बार फर फिश में खोजा गया था। वैसे ये कई और जीवों में भी होता है लेकिन ब्लू रिंग्ड ऑक्टोपस में इसका स्तर काफी ज्यादा होता है। मालूम हो कि किसी भी जानवर के साइज़ पर नहीं जाना चाहिए, उसके अंदर कितना और कितना तेज़ ज़हर होगा ये हमें पता नहीं होता। खासतौर पर अगर समुद्री जीवों की बात करें, तो कोई नहीं जानता कि कौन सा जीव कितना ज़हरीला होगा।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** नगदी की तंगी झेल रहे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ एक बार फिर चीन की शरण में जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है। इस प्रोजेक्ट के भविष्य को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से एक खाका तैयार किया जायेगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के सीपीईसी के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। सीपीईसी परियोजना एक दशक पहले शुरू की गई थी और कई ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा, ''चीन की यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के साथ वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास के लिए एक खाका तैयार करेंगे।'' मार्च में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद शरीफ की यह पहली चीन यात्रा होगी।

माओ ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि यात्रा के दौरान शरीफ चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग और अन्य अधिकारियों के साथ चीन-पाकिस्तान संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान रणनीतिक साझेदार हैं और दोनों देशों की मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है तथा यह साझेदारी मजबूत और स्थिर बनी हुई है।

बीजिंग के अलावा, 72 वर्षीय शरीफ गुआंग्डोंग और शानक्सी प्रांतों का भी दौरा करेंगे। माओ ने कहा कि दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मामलों में भी अच्छा संचार और समन्वय बनाए रखा है। माओ ने कहा, ''चीन इस यात्रा के माध्यम से पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, ताकि हमारी रणनीतिक साझेदारी में और अधिक प्रगति हो सके।''

इस बीच प्रधानमंत्री शरीफ ने चीन की अपनी आगामी यात्रा के संबंध में इस्लामाबाद में शुक्रवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीनी कंपनियों को पाकिस्तान में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। शरीफ ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान चीन के उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सुविधा प्रदान करेगा।

### राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप और कैनेडी के साथ टाउनहॉल बैठक की मेजबानी करेगा एक्स, एलन मस्क ने की पुष्टि

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इन चुनाव से पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप



और रॉबर्ट एफ कैनेडी के साथ टाउनहॉल का आयोजन करेगा। टाउनहॉल जो कि तीन साल पहले 6 जनवरी को हुआ था, लेकिन दंगों के बाद ट्रंप को साइट से निलंबित किए जाने के बाद इस साल नवंबर में आयोजित होगा। अमेरिका में 5 नवंबर को चुनाव होना है। इसे एलन मस्क का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ टाउनहॉल आयोजित करेगा। एक्स टाउनहॉल की योजना रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ तैयार कर रहा है। एफ. कैनेडी जूनियर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बृहस्पतिवार को डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसे देने के मामले में दोषी ठहराया गया था। वे यहां लाइवस्ट्रीम कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत प्रश्नों का उत्तर देंगे। शुक्रवार को एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दिलचस्प होगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन को भी एक्स ने एक बहस या टाउनहॉल करने के लिए आमंत्रित भेजा था, जिसे द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार उन्होंने मना कर दिया। हालांकि टाउन हॉल की तिथि, स्थान और मॉडरेटर की घोषणा अभी नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार मॉडरेटर में न्यूज़नेशन के कम से कम एक होस्ट के अलावा कई पत्रकार भी शामिल होंगे। बता दें कि एलन मस्क ने वर्ष 2022 के अंत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 44 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित किया था। इसके बाद उन्होंने ट्रम्प के ट्विटर अकाउंट पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था।

## मेक्सिको में पहली महिला राष्ट्रपति बनाने की तैयारी



**मेक्सिको, एजेंसी।** मेक्सिको इस सप्ताह के अंत में अपनी पहली महिला राष्ट्रपति का चुनाव करने जा रहा है। पर्यावरण इंजीनियर से राजनीतिज्ञ बनीं शीनबाम (61) मेक्सिको की अगली राष्ट्रपति बनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति लोपेज़ ओब्रेडोर के अधीन मेक्सिको सिटी की पर्यावरण सचिव के रूप में काम किया है और 2014 में उनकी मोरेना पार्टी में शामिल हुईं। उनका लक्ष्य चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर मेक्सिको की निर्भरता को कम करना है और वह यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते का समर्थन करती हैं। शीनबाम केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा का विरोध करती हैं और मॉस्को के खिलाफ प्रतिबंधों को खारिज करते हुए रूस पर लोपेज़ ओब्रेडोर के रुख का समर्थन करती हैं। अमेरिका के जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्वाडालूप कोर्रिया-कैबरेरा ने कहा, यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है।उन्होंने बताया, एक महिला राष्ट्रपति अर्थव्यवस्था, राजनीति, समाज और संस्कृति के हर क्षेत्र में महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत होगी। शीनबाम को अपनी लोकप्रियता का श्रेय राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को जाता है, जो उनके करीबी सहयोगी हैं, जिनकी अनुमोदन रेटिंग 60 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन उन्हें केवल एक कार्यकाल तक ही सेवा करने की अनुमति है। वह इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष में दो-राज्य समाधान की वकालत करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वह विदेश नीति में नपा-तुला दृष्टिकोण बनाए रखेंगी। सत्तारूढ़ पार्टी की उम्मीदवार क्लाउडिया शिनबाम और विपक्ष की उम्मीदवार ज़ोचिटल गालवेज़, दोनों 61 वर्ष की हैं, जिन्होंने दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले स्पेनिश भाषी देश, जहां की आबादी 129 मिलियन है, में राष्ट्रपति पद की दौड़ में अपना दबदबा कायम रखा है।

## चीन की बढ़ती जासूसी ने पश्चिमी देशों की बढ़ाई चिंता

**लंदन, एजेंसी।** चीन की जासूसी के बढ़ते खतरे पर पश्चिम के देशों ने चिंता जताई है। कई सालों से पश्चिमी जासूसी एजेंसियां चीन पर ध्यान केंद्रित करने की जरुरत पर जोर दे रही हैं। इस सप्ताह ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी के चीफ ने इसे एक गंभीर चुनौती बताया है। ब्रिटेन की ओर से ये ऐसे समय कहा गया है, जब चीन के लिए जासूसी और हैकिंग के आरोप में पश्चिम के कई देशों में गिरफ्तारियां हुई हैं। हांगकांग की खुफिया सेवाओं की मदद का आरोप लगने के बाद ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने चीन के राजदूत को तलब किया था। ये पश्चिम और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा के खुलकर सामने आने का संकेत हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि वरिष्ठ अधिकारियों को चिंता है कि अमेरिका और पश्चिम के उसके सहयोगियों ने काफी समय तक चीन की चुनौती को बहुत गंभीरता से नहीं लिया लेकिन अब ये चीन की जासूसी के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। पश्चिमी अधिकारियों की चिंता चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दृढ़ संकल्प को लेकर है कि बीजिंग एक नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देगा। चीनी खुफिया एजेंसी 2000 के दशक में ही औद्योगिक जासूसी में लगी हुई थी लेकिन पश्चिमी कंपनियां आम तौर पर चुप रहती थीं। वे इस डर से इसकी रिपोर्ट नहीं करना चाहते थे कि ऐसा करने से चीन के बाजारों में उनकी स्थिति खतरे में आ जाएगी। एक और बड़ी चुनौती यह रही है कि चीन पश्चिम से अलग ढंग से जासूसी करता है।

# भारत-अमेरिका के संबंध समान विचार पर आधारित, शांगरी ला डायलॉग में बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री

**सिंगापुर, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया कि भारत-अमेरिता के रिश्ते समान दृष्टि और समान विचार पर आधारित है। इन दोनों देशो के बीच के संबंधों में रफ्तार भी बढ़ेगी। ऑस्टिन की यह टिप्पणी शांगरी ला डायलॉग में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर पूछे गए सवाल पर आई। बता दें कि शांगरी ला डायलॉग एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है।

**लॉयड ऑस्टिन ने भारत-अमेरिका के संबंधों का विवरण दिया :** भारत-अमेरिका के रिश्ते को लेकर एक प्रतिनिधि ने अमेरिकी रक्षा मंत्री से सवाल किया। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, मौजूदा समय में भारत के साथ हमारे संबंध अच्छे हैं। यह उतना ही अच्छा और बेहतर है, जितना पहले था। उन्होंने आगे कहा, हम भारत के साथ मिलकर बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में प्रगति हुई है।

ऑस्टिन ने आगे कहा, भारत-अमेरिका के संबंध समान दृष्टि और समान विचार पर आधारित है। इसलिए मुझे लगता है कि इस रिश्ते में जो गति हम देख रहे हैं, वह न केवल जारी रहेगा बल्कि ये रफ्तार भी पकड़ेगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर ऑस्टिन ने कहा, इस क्षेत्र में अपने दोस्तों के साथ, रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत करने के लिए हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हिंद-प्रशांत में अमेरिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। ऑस्टिन ने बताया क्यों



एशियाई क्षेत्रों में अमेरिका अपनी उपस्थिति बनाए हुए है हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अंतर्गत हिंद महासागर और दक्षिणी चीन सागर समेत ताइवान, फिलीपींस. ब्रुनेई, मलयेशिया और वियतनाम शामिल है। ऑस्टिन ने प्रतिनिधियों को बताया कि अमेरिकी रक्षा अद्योग को जापान समेत अन्य कई देशों के साथ एकीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर उन क्षमताओं में निवेश कर रहे हैं, जो स्थायी सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा दता है। लॉयड ने बताया, हम अपने निवेश को अपनी रणनीति से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका तभी सुरक्षित रह सकता है जब एशिया सुरक्षित रहेगा। इसी वजह से अमेरिका लंबे समय से ही एशियाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है।

**7 दिन में लड़कियों के 4 स्कूल जलाए : इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में लगातार लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया जा रहा है। सुराब जिले में कुछ हथियारबंद लोगों ने एक लड़कियों के लिए बने माध्यमिक स्कूल पर हमला कर उसमें आग लगा दी। यह एक हफ्ते में इस तरह की चौथी घटना है। वहीं सोमवार को वजीरिस्तान में गोल्डन एरो गर्ल्स मिडिल स्कूल में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी। फिर मंगलवार को उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवादियों ने एक गर्ल्स स्कूल को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद बुधवार देर रात किल्ली धंब तहसील में कुछ अज्ञात लोगों ने एक स्कूल के स्टाफ रूम में आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाई। हालांकि, तब तक हमलावर भाग चुके थे। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, उस स्कूल में नाइट में गार्ड तैनात नहीं था। पुलिस ने अब इन हमलावरों के खिलाफ आतंकवाद कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जर्मनी में इस्लाम-विरोधी रैली में चाकू से हमला, पुलिस अधिकारी समेत कई लोग घायल

**मैनहेम, एजेंसी।** जर्मनी के दक्षिण-पश्चिम शहर मैनहेम में शुक्रवार को एक हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया। इस अटैक में कई लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में हमलवार भी गोली लगने से घायल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी भी घायल हुआ है। इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता माइकल स्टुअरजेनबर्गर घटना के वक्त मौके से लाइवस्ट्रीम कर रहे थे। इसमें दिखाया गया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति भीड़ को संबोधित करने की तैयारी में था। इसी दौरान आरोपी ने दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारियों पर हमला कर दिया। स्टुअरजेनबर्गर खुद को इस्लाम के आलोचनात्मक पत्रकार बताते हैं। वह इस्लाम विरोधी कई संगठनों के सदस्य रहे हैं। इनमें पेगिडा मूवमेंट भी शामिल है, जो खासकर पूर्वी जर्मनी में अक्सर मार्च आयोजित कराता है। एक बयान में पुलिस ने कहा कि फिलहाल आम जनता के लिए खतरे की कोई बात नहीं है। पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर 11.30 बजे के देर बाद हुई। पुलिस ने घायलों की स्थिति को लेकर



तत्काल कोई जानकारी नहीं दी है। उसने बताया कि यह घटना मैनहेम शहर में चौराहे पर हुई।

करीब 3 लाख की आबादी वाला यह शहर फैंकफर्ट के दक्षिण में स्थित है। यहूदियों के प्रार्थना स्थल में आग लगाने का षड्यंत्र गौरतलब है कि फ्रांस पुलिस ने नॉरमैंडी शहर के रूएन में यहूदियों के प्रार्थना स्थल में आग लगाने का षड्यंत्र रचने के मामले में बड़ा ऐक्शन लिया। अधिकारियों ने सशस्त्र संदिग्ध को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। संदिग्ध व्यक्ति के पास एक चाकू और धातु की एक छड़ थी। गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने सोशल मीडिया साइट एक्स के माध्यम से जानकारी दी कि सशस्त्र व्यक्ति को मार गिराया गया। उन्होंने कहा, 'रूएन में राष्ट्रीय पुलिस अधिकारियों ने हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया जो शहर में यहूदियों के प्रार्थना स्थल में जाहिर तौर पर आग लगाना चाहता था। मैं तुरंत कार्रवाई करने और अधिकारियों के साहस के लिए उन्हें बधाई देता हूं।'

## युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक हासिल नहीं हो जाते सभी लक्ष्य, इस्राइल की चेतावनी

**येरुशलम, एजेंसी।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वार्ताकारों को गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई का प्रस्ताव पेश करने के लिए अधिकृत किया है। इस बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि गाजा में युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि सभी बंधकों की वापसी और हमास के खात्मे सहित सभी लक्ष्यों को हासिल नहीं किया जाता है।

**नेतन्याहू को संबोधन के लिए किया आमंत्रित :** वहीं, अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने नेतन्याहू को कैपिटल हिल पर एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन, अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज, न्यूयॉर्क से डेमोक्रेट सांसद चक शूमर और रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल की ओर से इस्राइली प्रधानमंत्री को साझा पत्र लिखकर आमंत्रित किया गया है। जिसमें सात अक्तूबर के हमासे के आतंकवादी हमले के मद्देनजर इस्राइल के सात अमेरिका की एकजुटता पर जोर दिया गया। पत्र में लिखा गया, पिछले साल कांग्रेस को हमारे दोनों लोकतंत्रों के बीच दोस्ती और साझेदारी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए वॉशिंगटन में इस्राइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग की मेजबानी करने पर गर्व महसूस हुआ था। लेकिन तीन महीने से भी कम समय के बाद सात अक्तूबर के हमलों ने दुनिया को झकझोर दिया



और इस्राइल को अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर कर दिया। हम आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में इस्राइल के साथ खड़े हैं। हमास अमेरिकी और इस्राइली नागरिकों को बंदी बना रहा है और इसके नेता क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल रहे हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के मुताबिक, हमास के साथ संघर्ष से निपटने में अलग-अलग दृष्टिकोणों को लेकर बाइडन प्रशासन और इस्राइल में तनाव के बीच यह निमंत्रण आया है। हमास के 7 अक्तूबर के हमलों में करीब 1200 इस्राइली नागरिकों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर नागरिक इस्राइली और 33 अमेरिकी थे। इसके बाद नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का एलान किया और गाजा पट्टी में हमले किए।

# पाकिस्तान का हिस्सा नहीं पीओके, इस्लामाबाद हाईकोर्ट में शहबाज सरकार का कबूलनामा

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने हाल ही में माना था कि पाकिस्तान ने 1999 में भारत के साथ समझौता तोड़ा। अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर पाकिस्तानी सरकार ने एक नया बयान जारी किया। दरअसल, पीओके के कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह के दो सप्ताह से गायब होने को लेकर सुनवाई के दौरान पाकिस्तान सरकार ने कहा कि पीओके उनका हिस्सा नहीं है, यह एक विदेशी क्षेत्र है। नवाज शरीफ सरकार के इस बयान को सुनकर पाकिस्तान के लोग हैरान हैं।

पीओके के कवि अहमद फरहाद को लेकर पाकिस्तान की सरकार के तरफ से वकील ने अदालत में कहा, अहमद फरहाद को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि पीओके हमारा नहीं बल्कि एक विदेशी क्षेत्र है। हालांकि, सरकारी वकील के इस दावे पर हाईकोर्ट भी हैरान है। कोर्ट ने पूछा कि जब पीओके एक विदेशी क्षेत्र है तो पाकिस्तानी रेंजर्स वहां कैसे प्रवेश कर गए।

**पाकिस्तानी वकील ने जताई नाराजगी :** सरकारी वकील के इस बयान पर पाकिस्तान के पत्रकार हामिद मीर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, सरकारी वकील का यह दावा पीओके की स्थिति पर कई सवाल खड़े कर रहा है। अगर आजाद कश्मीर हमारा नहीं, तो फिर वहां पाकिस्तानी सैनिकों की तैनाती कैसे हुई। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान पीओके को बहुत नकारात्मक रूप से पेश कर रहा है। उन्होंने इस्लामाबाद से एक कवि का अपहरण कर लिया। उन्होंने पीओके में उसे गिरफ्तार किया और



इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पीओके को एक विदेशी क्षेत्र बताया। इसका मतलब है कि उनके पास पीओके में कब्जा करने वाली सेना का अधिकार है, लेकिन पाकिस्तानी अदालतों का कोई क्षेत्राधिकार नहीं है। बता दें कि पीओके के कवि अहमद फरहाद अपनी विद्रोही शायरी के लिए काफी मशहूर हैं। उन्हें उनके घर से अगवा कर लिया गया था। बुधवार को अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान ने कोर्ट में बताया कि फरहाद को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह पीओके पुलिस की हिरासत में है।

**न्यूयॉर्क के 'ब्रुकलिन संग्रहालय में घुसे प्रदर्शनकारी, लहराए 'आजाद फिलीस्तीन के बैनर : न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका में सैकड़ों फिलीस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार दोपहर को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन संग्रहालय तक मार्च किया और उसके परिसर में तंबू लगाने के अलावा इमारत की छत से 'आजाद फलस्तीन के बैनर लहराए। इसके बाद पुलिस ने संग्रहालय में पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। न्यूयॉर्क शहर के पुलिस अधिकारियों की संग्रहालय के बाहर भीड़ में शामिल लोगों से मारपीट हुई और कुछ प्रदर्शनकारियों ने भी अधिकारियों पर प्लास्टिक की बोतलें फेंकीं एवं अपमानजनक नारे लगाए। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने भव्य 'बीक्स आर्ट्स संग्रहालय की सीढ़ियों पर हाथ में बैनर लेकर फलस्तीनी ध्वज लहराने के साथ जोरदार नारे लगाए। यह शहर का दूसरा सबसे बड़ा संग्रहालय है। रैली की शुरुआत शुक्रवार दोपहर में 'बार्कलेज सेंटर की सड़क पर हुई। रैली में शामिल लोग ढोल बजाते और नारे लगाते हुए लगभग एक मील दूर संग्रहालय की ओर बढ़े। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में संग्रहालय के गार्ड बढ़ती भीड़ को रोकने के लिए इसके दरवाजे सुरक्षित करने की कोशिश करते दिख रहे हैं जबकि प्रदर्शनकारी अंदर जाने के अन्य रास्ते ढूंढ़ रहे हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 02 जून 2024




मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल आज मुंबई के सिद्धबिनायक मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान से प्रदेश के विकास एवं उन्नत के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर डिप्टी सीएम का परिवार एवं करीबी लोग मौजूद थे।



# मतगणना की सभी तैयारियां समय पर पूरी करें : संस्कृति

रीवा

## मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 के नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए उत्तरदायित्व का ठीक से निर्वहन करें। मतगणना की सभी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना केंद्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 की रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को प्रात: 8:00 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आरंभ होगी। मतगणना के लिए विधानसभा बार 8 मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। डाक। मत पत्रों की मतगणना के लिए अलग से कक्ष निर्धारित किया गया है। मतगणना के लिए तैनात कर्मचारियों का रेंडमाइजेशन इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह 5:00 बजे किया जाएगा। इसके बाद सुबह 5:30 बजे से स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। स्ट्रांग रूम से राजस्व अधिकारियों की निगरानी में ईवीएम मशीन मतगणना कक्ष तक पहुंचाई जाएगी। सीसीटीवी कि इस तरह से व्यवस्था करें कि ईवीएम के स्ट्रांग रूम से गणना कक्ष तक पहुंचाने का पूरा मार्ग दिखाई दे।

आयुक्त नगर निगम में कहा कि प्रथम चक्र की मतगणना पूरी होते ही ईवीएम मशीनों तथा अन्य मतदान सामग्री की सीलिंग शुरू हो जाएगी। इसलिए तैनात सीलिंग टीम सुबह से ही निर्धारित कक्ष में पहुंच जाए।मीडिया सेंटर में एलईडी स्क्रीन पर मतगणना की चक्रवार स्थिति प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी ए आर ओ उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों को प्रवेश पत्र समय वितरित कर दें। मतगणना एजेंटों को सुबह 6:00 से 6:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना केंद्र में एक बार प्रवेश लेने के बाद बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के लिए अधिकारियों कर्मचारियों अन्य अधिकारियों तथा पत्रकारों को इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जाएगा।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने बताया कि ईवीएम से मतगणना प्रात: 8 बजे आरंभ हो जाएगी। डाक मत पत्रों की मतगणना पृथक कक्ष में की जाएगी। इसके लिए अलग से टीम तैनात की गई है। सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मतगणना के लिए तैनात कर्मचारियों के प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें। शेष अधिकारियों कर्मचारियों को 3 जून को शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय से प्रवेश पत्र का वितरण किया जाएगा। बिना वैध प्रवेश पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। पत्रकारों के लिए पृथक से मतगणना केंद्र के पास जारी किए गए हैं। इसका वितरण दो और 3 जून को जनसंपर्क कार्यालय से किया जाएगा। मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडिया सेंटर में मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति रहेगी। मीडिया सेंटर तथा अन्य चिन्हित स्थानों में मोबाइल फोन सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पृथक की टीम तैनात की गई है। प्रत्येक चक्र की गणना के बाद मीडिया सेंटर में इनको पोर्टल के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मतगणना केंद्र में एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात करें। बैठक में मतगणना केंद्र में वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, छाया तथा भोजन व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। पेयजल की व्यवस्था नगर निगम तथा पी एच सी विभाग द्वारा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवड़े ,सभी नोडल ऑफिसर संयुक्त कलेक्टर पी के पांडे तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर प्रतिभा पाल का बड़ा निर्देश, शराब की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**रीवा।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना दिवस में शराब की बिक्री, परिवहन, भण्डारण, शराब वेयरहाउस एवं बॉटलिंग यूनिट पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मतगणना दिवस 4 जून को सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द रहेंगी। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन तथा शस्त्रों पर रहेगा प्रतिंबध

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र रीवा की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना प्रात: 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। मतगणना के लिए विधानसभावार आठ गणना कक्ष बनाए गए हैं। मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये जा रहे हैं। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेण्ट एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय से जारी प्रवेश पत्रधारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना केन्द्र में किसी भी तरह के विस्फोटक अस्त्र-शस्त्र का भी प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी उम्मीदवार को शस्त्र सुरक्षा प्राप्त है तो केवल उम्मीदवार को ही प्रवेश मिलेगा। उनके सुरक्षाकर्मी को मतदान केन्द्र प्रवेश नहीं मिलेगा।

मतगणना केन्द्र में धूम्रपान पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केन्द्र में आने वाले अधिकारी-कर्मचारी उम्मीदवार तथा उनके मतगणना एजेण्ट अपने प्रवेश पत्र साथ रखें। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन, धूम्रपान सामग्री तथा किसी तरह का भोजन पदार्थ साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

# शारदा संगीत घराने के प्रख्यात गायक दिनेश अग्रवाल का आकस्मिक निधन

**रीवा।** महाकौशल प्रांत में शारदा संगीत संस्थान के नाम से प्रसिद्ध रीवा घोघर मोहल्ले में स्थित शारदा संगीत संस्थान के प्रख्यात गायक दिनेश अग्रवाल का आकस्मिक निधन गत दिनाँक 1/06/2024 को हो गया।वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।अपनी गायकी से सबको मंत्रमुग्ध करने वाले श्री अग्रवाल जी को कई विधाओं में सम्मानित किया गया है।उनके सिखाये हुए बच्चे आज संगीत के क्षेत्र में सम्पूर्ण भारत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।उनके निधन से पूरे संगीत अकादमियों के साथ-साथ रीवा में शोक की लहर फैल गई। श्रीमती मीना बंसल, गुरमीत सिंह



मंगू, अग्रवाल समाज रीवा के अध्यक्ष एड. सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मंत्री एड.नूतन अग्रवाल, सहमंत्री शारदा प्रसाद अग्रवाल, कैलाशचंद्र अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी, पूर्व मंत्री एड.मनोज अग्रवाल, डॉ.अरुण अग्रवाल, डॉ.सुभाष अग्रवाल, डॉ.हरिओम गुप्ता, डॉ.आरती तिवारी, विभु सूरी, प्रवीर दुबे, डॉ.आरती तिवारी, नारायण डिगवानी, शिव सिंह कुशवाहा, अनामिका दुबे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, शेखर गोयल, एड.संतोष अग्रवाल, संतीश अग्रवाल, एड.हरीश अग्रवाल, जयकांत अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, एड.प्रकाश तोमर, सुमित मजवानी, शैलेश श्रीवास्तव, साधना अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, जयंती अग्रवाल, सीता अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल आदि वरिष्ठजन, बुद्धिजीवी वर्ग, समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## कलेक्टर का एक्शन, सहकारी निरीक्षक को किया निलंबित

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पैक्स समितियों की वसूली कम होने पर सहकारी निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पैक्स समितियों द्वारा रबी 2023-24 में बैंक के शाखा हनुमना की वसूली सबसे कम 11.89 प्रतिशत पाई जाने पर सहकारी निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता को प्रशासक की हैसियत से ऋण वसूली एवं पैक्स कम्प्यूटराइजेशन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर द्वारा निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री गुप्ता का मुख्यालय कार्यालय उपायुक्त सहकारिता निर्धारित किया गया है।

# नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा चलाया गया डोर टू डोर जागरुकता अभियान

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आज दिनांक 01/06/2024 को शहर के रहवासी क्षेत्र में डोर टू डोर जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान मे सभी नागरिकों को समझाईस दी गई की कचरे को बाहर न फेक कर कचरे गाड़ी में दें साथ ही कचरे को अलग अलग करके 2 डस्टबीन उपयोग करने के जानकारी दी गई। एवं बताया गया कि जो कचरा आप बहार फेक रहे है उससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है जिससे हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है इसके साथ ही हमारे शहर की स्वच्छता पर असर पड़ता है इसलिए सभी रहवासियो से



अपील की गई आप सभी अपने कचरे को कचरा गाड़ी में दे जिससे हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके इसके साथ ही नागरिकों को अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गई। रीवा शहर के सभी रहवासियो ने ठाना है रीवा को स्वच्छ बनाना है और 2024 में शहर को प्रथम स्थान दिलाना है डोर टू डोर जागरुकता में आईईसी टीम, वॉर्ड दरोगा, वॉर्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

## मतगणना कर्मियों का रेण्ड माइजेशन आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना के लिए तैनात गणना सहायक तथा गणना परिवेक्षकों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 2 जून को किया जायेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में प्रात = 11 बजे रेण्डमाइजेशन किया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी संबंधितों से रेण्डमाइजेशन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

## हनुमान जी की मूर्ति को नशेड़ी युवक ने किया खंडित, मचा हंगामा

**रीवा।** नशे की हालत में एक युवक ने भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित कर दी। घटना सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी चौराहे में बीती रात को सामने आई। बताया गया कि एक नशेड़ी व्यक्ति द्वारा भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया जिसके चलते सुबह ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवक को गिरफ्तार करते हुए खंडित मूर्ति को अपने साथ ले गई है। बताया गया है कि सिरमौर थाना के उमरी चौराहे पर भगवान हनुमान की ले गई है।

प्रतिमा विराजमान थी जिसे गांव के ही नशेड़ी व्यक्ति कामता कोल द्वारा खंडित कर दिया गया। जानकारी दी गई कि बीती देर रात कामता नशे की हालत में प्रतिमा के समीप पहुंचा और काफी देर बातचीत करने के बाद प्रतिमा को उठाकर जमीन में फेंक दिया जिससे प्रतिमा खंडित हो गई। बुधवार की सुबह लोगों ने जब वहां प्रतिमा को पड़े देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।

# जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1096569 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। अधिकांश खरीदी केन्द्रों में गेंहू की खरीद लगभग पूरी हो गई है। अब कुछ ही खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक हो रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 31 मई तक 24079 किसानों से 1096569 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 263 करोड़ 17 लाख 66 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 1079398 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 236 करोड़ 22 लाख 87 हजार 252 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 27463 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में संचालित 103 खरीदी केन्द्रों में से केवल 13 खरीदी केन्द्रों में ही गेंहू की आवक हुई। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 25 जून तक बढ़ा दी गई है।

## जिले में 9 खरीदी केन्द्रों में होगी 25 जून तक गेंहू की खरीदी

**रीवा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की अवधि 31 मई निर्धारित की गई थी। कृषि उपज मण्डियों में किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्रदान करने के लिए उपार्जन की अवधि 25 जून तक विस्तारित की गई है। विस्तारित अवधि में जिन जिन खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक नहीं हो रही है उन केन्द्रों को बंद कर दिया गया है।

## बदमाशों ने दुकानदार की कनपटी पर तानी पिस्टल, गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना के ढेकहा मोहल्ले में बदमाशों ने सड़क पर दुकानदार को मारने की कोशिश की। दुकानदार की कनपटी में पिस्टल सटाकर जान से मारने का प्रयास किया। इतने पर भी मन नहीं भरा तो उस पर गाड़ी चढ़ाकर



मारना चाहा। आरोपित के साथ कई अन्य साथी भी खड़े रहे। सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

## मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल में दाएं कुल्हे का सफल ऑपरेशन



**रीवा।** रीवा में एक्सीडेंट में मरीज के दाएं कूल्हा (एसिटाबुलर फ्रैक्चर) टूटने पर अत्यंत गंभीर हालत में परिवार जनों द्वारा मरीज को मिनर्वा मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया।

मिनर्वा हॉस्पिटल में गंभीर हालत में मरीज को भर्ती किए जाने के बाद अत्यंत गंभीर हालत में पहुंचे मरीज के दाएं कूल्हे (एसिटाबुलर फ्रैक्चर) का सफल ऑपरेशन मिनिमल टेक्निक और एंटीरियर स्टोपा अप्रोच से हुआ, यह प्रक्रिया अत्यंत जटिल होती है। जटिल होते हुए भी डॉक्टर विमल सिंह, डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह, डॉक्टर अभिषेक आर मिन्ज एवं उनकी टीम एकजुट होकर अपने दृढ़ इच्छाशक्ति एवं कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मरीज के दाएं कूल्हे (एसिटाबुलर फ्रैक्चर) का ऑपरेशन सफल हुआ। ऑपरेशन की सफलता में डॉक्टर्स की टीम के साथ-साथ मरीज एवं उनके परिजनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज एवं उनके परिवारजनों ने मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं उनकी टीम को बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया गया।

# शादी करने का दबाव बनाने पर मामा ने की भांजी की हत्या

मऊगंज

एक बार फिर मामा भांजी का रिश्ता कलंकित हो गया है। शादी का दबाव बनाने पर मामा ने अपनी ही भांजी का गला दबा कर न केवल हत्या कर दी बल्कि उसके शव को ठिकाने लगा कर मौके से फरार हो गया था। पुलिस के हाथ लगे कंकाल की पहचान होने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की गुत्थी 24 घंटे के अंदर सुलझा दी है। पकड़े गए युवक को पुलिस ने जहां न्यायालय में पेश किया वहीं न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

नई गढ़ी थाना प्रभारी एसके द्विवेदी ने बताया कि गत गुरुवार को हर्दिहा गांव के लोगों से सूचना मिली कि गांव से दूर एक गड्ढे के पास कंकाल पड़ा था। जिसको जंगली जानवर वह कुत्ते खा रहे



हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मैं जहां कंकाल को इकट्ठा किया वहीं कंकाल के पास मिले कपड़े के अनुसार उसकी पहचान करने का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने उसे कंकाल की पहचान गांव की ही एक 16 वर्षीय किशोरी के रूप में की। गुमशुदगी थाने में दर्ज थी। पुलिस ने जहां शव को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया वहीं माता-पिता के बयान भी दर्ज कर लिए। मृतिका के माता पिता के बयान के आधार पर एक संदेही को पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे पूछता शुरू कर दी। पहले तो वह पुलिस को गुमराह करता रहा बाद में पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठा दिया।

पुलिस गिरफ्त में आए आरोपित मुकेश साकेत उर्फ लाली पिता श्रीनिवास साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बड़ोखर हिनौती थाना गढ़ ने पुलिस को बताया कि वह 2 वर्षों से प्यार कर रहा था। इस बीच जब भी वह उसे मिलने के लिए घर के बाहर बुलाता तो विवाह करने का दबाव बना रही थी। घटना दिनांक को भी उसने मृतिका को मिलने के लिए गांव से कुछ दूर खेत पर बुलाया था। जहां उसने पुन: विवाह करने तथा उसे लेकर भाग जाने का दबाव बनाने लगी। जब उसने मना किया तो वह खेत पर ही तेज तेज आवाज कर चीखने लगी। गुस्से में आकर उसने मृतिका का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतिका की मौत हो जाने के बाद उसे पास में ही खोदी गई पाइपलाइन के गड्ढे में दबाकर उसके ऊपर मिट्टी डाल दी। मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी में बताया गया कि कंकाल मिलने के बाद पुलिस लगातार आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही थी। मृतिका की पहचान हो जाने के बाद जब पुलिस ने उसके माता पिता से पूछताछ शुरू की तो मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी उनके रिश्ते के भाई से टेलीफोन पर बात किया करती थी। जिसे लेकर कई बार विवाद भी हुआ था उसे घर आने के लिए भी रोक दिया गया था। जब पुलिस ने आरोपित को टेलीफोन किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर युवक गिरफ्तार करने के लिए उसके गांव भेजी। जहां वह पुलिस के हाथ लग गया। हालांकि पूरे घटनाक्रम साइबर सेल की भी मदद ली गई है। टावर लोकेशन के आधार पर घटना के समय मृतिका एवं आरोपित एक साथ बताए गए थे। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद आप इतने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया इसके बाद उसने बताया कि मृतिका का मोबाइल भी उसके पास है जिसे पुलिस टीम भेज कर बरामद कर लिया गया है।

गत गुरुवार को पुलिस को कंकाल मिला था। जिसके पास विवेचना शुरू की गई थी।उक्त मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसे अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। हत्या के पीछे मुख्य कारण यह की मृतिका लगातार युवक पर विवाह करने का दबाव डाल रही थी।

**वीरेंद्र जैन पुलिस अधीक्षक मऊगंज**


*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*